नई दिल्ली

शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 178
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


ट्रंप रह गए खाली हाथ, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को मिला **शांति का नोबेल**

# दुनिया में फिर चली गांधी की आंधी, मारिया 'बापू' की कट्टर अनुयायी, वे बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए हैं



*वेनेजुएला की आयरन लेडी हैं मचाडो, वे अपने ही देश में छिपकर रह रही हैं*

**8** देश ट्रंप को नोबेल के लिए नॉमिनेट कर चुके थे, जिसमें पाकिस्तान, इजराइल, अमेरिका, आर्मेनिया, अजरबैजान, माल्टा, कंबोडिया और अर्जेंटीना जैसे देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार का ऐलान हो गया है। मरिया कोरिना मचाडो को यह सम्मान मिला है। इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पुरस्कार से चूक गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार को वेनेजुएला की मुख्य विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को प्रदान किया गया, जो फिलहाल अपने ▸▸ शेष पेज 5 पर



## मैं यह पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को समर्पित करती हूं

इस सम्मान के बाद मचाडो के पहले बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस पुरस्कार को वेनिजुएलावासियों' के साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी समर्पित किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मचाडो ने लिखा कि आज हम जीत की दहलीज पर हैं और पहले से कहीं ज्यादा हम राष्ट्रपति ट्रंप, संयुक्त राज्य अमेरिका के लोग, लैटिन अमेरिका के लोगों और दुनिया के लोकतांत्रिक देशों पर स्वतंत्रता और लोकतंत्र प्राप्त करने के लिए अपने प्रमुख सहयोगियों के रूप में भरोसा करते हैं। मैं यह पुरस्कार ▸▸ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को देंगे करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात

# पीएम मोदी का सोनीपत दौरा 17 को, मुख्यमंत्री ने तैयारियों पर ली अधिकारियों संग बैठक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्तूबर, 2025 को हरियाणा के सोनीपत दौरे पर आएंगे। अपने इस दौरे के दौरान वे प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के विकास को नई गति और दिशा प्रदान करेगा तथा 'विकसित भारत – विकसित हरियाणा' के संकल्प को और सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री के आगामी कार्यक्रम को लेकर आज चंडीगढ़ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सैनी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित तरीके से की जाएं। उन्होंने उद्घाटन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आमजन को असुविधा नहीं हो

*मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसलिए आमजन के लिए भी अलग से रूट प्लान किए जाएं। पार्किंग की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल के आस-पास की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, जनसुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

### हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

*नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में हरियाणा ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केंद्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और निवेश को बढ़ावा देने वाली पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के कारण हरियाणा* ▸▸ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### महाभारतः 25 को वेव्स ओटीटी पर एआई वर्जन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती और कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने आज की पीढ़ी के लिए महाभारत की पुनर्कल्पना करने के लिए साझेदारी की है। कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क ने प्रसिद्ध महाकाव्य 'महाभारत' के एआई वर्जन प्रसारण की घोषणा की है। इस एपिसोड का विशेष डिजिटल प्रीमियर 25 अक्टूबर को वेव्स ओटीटी पर होगा।




### यशस्वी ने डॉन ब्रैडमैन की लिस्ट में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के दूसरे टेस्ट के दौरान यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट के पहले दिन शानदार 150 रन बनाकर उन्होंने खुद को डॉन ब्रैडमैन, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग, ग्रीम स्मिथ, जावेद मियांदाद जैसे नामों के साथ खड़ा कर लिया।



### पैरा पावरलिफ्टर विनय ने जीता स्वर्ण पदक

**काहिरा।** भारत के उभरते पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार विनय ने शुक्रवार को पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विनय ने जूनियर वर्ग के 72 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। विनय ने अपने तीन प्रयासों में 137 किग्रा, 142 किग्रा और 147 किग्रा वजन उठाकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



कान खोलकर सुन ले पाकिस्तान...

# अफगानिस्तान की धरती से नहीं होगा भारत का कोई अहित, काबुल में खुलेगा दूतावास

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- राजधानी में शुक्रवार को भारत और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई पहली आधिकारिक द्विपक्षीय बैठक से निकला ये महत्वपूर्ण निष्कर्ष
- भारत ने अफगानिस्तान को उपहार में दी पांच एंबुलेंस
- 9 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं अफगानिस्तान के विदेश मंत्री

अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक संघर्षों की चुनौती के बीच शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच पहली उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें पाकिस्तान का नाम लिए बगैर सीमा-पार आतंकवाद के मुद्दे सहित दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हुए मामलों और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने बैठक में नई दिल्ली को आश्वासन के साथ अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हमारी सरकार किसी भी समूह या व्यक्ति को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करने की इजाजत नहीं देगी। जिसका मतलब साफ है कि अब क्षेत्र में इस मामले पर भारत-अफगानिस्तान की एकजुटता से पाकिस्तान के बढ़ते आतंकी हौसलों पर नकेल कसने में आसानी होगी। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने काबुल में एक बार फिर से भारत का दूतावास खोलने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि दोनों देश एक-दूसरे के साथ आपसी गतिविधियों के जरिए लगातार संपर्क में बने रहने के लिए भी सहमत हैं। गौरतलब है कि वर्ष-2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के साथ तत्कालीन अशरफ गनी की सरकार के अचानक ▸▸ शेष पेज 5 पर





## आतंकवाद से करेंगे मिलकर दो-दो हाथ

मंत्रालय ने बताया, बैठक में दोनों पक्षों ने स्पष्ट रूप से आतंकवाद और उससे जुड़े सभी कृत्यों की कड़ी निंदा की है। विकास, समृद्धि को लेकर समान रूप से प्रतिबद्धता जताई। लेकिन सीमा-पार आतंकवाद के खतरे को दोनों देशों ने अपने सामने खड़ा संकट स्वीकार करते हुए कहा कि हमें आतंकवाद व इसके तमाम रूपों और प्रकारों से मुकाबला करने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए। एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान को बनाए रखने पर भी बैठक में जोर दिया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को समझने और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की पुरजोर अंदाज में निंदा करने के लिए विदेश मंत्री मुत्ताकी और अफगान सरकार की सराहना की।

### अफगानिस्तान की स्वतंत्रता का पक्षधर भारत

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की यात्रा हमारे संबंधों व दोनों देशों की मित्रता को आगे बढ़ाने में अहम कदम साबित होगी। वहीं, दोनों मंत्रियों ने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व को भी अपनी वार्ता में प्रमुखता के साथ रेखांकित किया। अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत ने मुत्ताकी को भेंट की 5 एंबुलेंस

*भारत अफगानिस्तान की स्वास्थ्य सुरक्षा में सहयोग के लिए सहायता करता रहा है। जिसमें कोविड महामारी में की गई मदद शामिल है। कई परियोजनाएं जारी हैं, जिसमें थैलेसीमिया केंद्र की स्थापना, काबुल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ में हीटिंग सिस्टम को बदला जाना शामिल है। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने अफगानिस्तान को 20 एंबुलेंस उपहार के रूप में देने की घोषणा की। इसी में से 5 एंबुलेंस 10 अक्टूबर को उन्हें व्यक्तिगत रूप से सौंपी गई हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी 6 परियोजनाओं को लेकर भारत प्रतिबद्ध है। अफगानी अस्पतालों को भारत एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन, प्रतिरक्षा और कैंसर के लिए दवाएं भेजेगा। यूएनओडीसी के जरिए भारत दवा मटेरियल की सप्लाई में बढ़ोतरी करेगा। काबुल के बागरामी जिले में भारत 30 बेड के एक अस्पताल का निर्माण करेगा। साथ ही आंकोलॉजी-ट्रामा सेंटर, पक्तिका, खोस्त व पक्तिया प्रांतों में मातृत्व स्वास्थ्य क्लिनिक खोले जाएंगे। भारत के विदेश मंत्री ने कहा, बीते महीने भूकंप के चंद घंटों के भीतर भारत ने प्रभावित इलाकों के लिए राहत सामग्री भेजी थी। अब हम आपदा में टूटे घरों के निर्माण में योगदान के इच्छुक हैं। भारत अफगानिस्तान में खाद्यान्नों का बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा है। आज इसी संदर्भ में एक और खेप काबुल रवाना की जाएगी। जबरन भेजे गए शरणार्थी भारत के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। लेकिन उनका सम्मान और आजीविका महत्वपूर्ण है। भारत उनके लिए घरों के निर्माण और अपने जीवन को फिर से शुरू करने के लिए लगातार जरूरी चीजें उपलब्ध करा रहा है। जल संसाधनों के सतत प्रबंधन पर भी हम राजी हैं।*

चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा

# जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव, वहां शुरु हो सकती है चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया

- असम, केरल, पुडुचेरी तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में ▸▸ शेष पेज 5 पर



### राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

*अधिकारियों के अनुसार चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।*

कांग्रेस 'सूचना युद्ध में पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने' में जुटी

# भाजपा ने जयराम रमेश को घेरा, गलत सूचना फैलाने का लगाया आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश को घेरा। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने शुक्रवार को पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश पर 'सूचना युद्ध में पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने' के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। पात्रा ने आरोप लगाया कि कथित रूस-पाकिस्तान रक्षा सौदे पर रमेश का ट्वीट प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों से पहले भारत की छवि खराब करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश के 4



अक्टूबर के एक ट्वीट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रूस और पाकिस्तान चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर 2025 को कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट के ज़रिए कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी को घेरने की कोशिश की और कहा कि रूस और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत रूस, पाकिस्तान को मिलने वाले जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन देगा, जो पहले चीन में बनते थे। कांग्रेस ने देश के प्रधानमंत्री, उनकी कूटनीति और रणनीतिक नीति पर सवाल उठाए... बाद में कांग्रेस पार्टी की असलियत सामने आ गई। कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।

**कांग्रेस के दावे निराधार और फ़र्ज़ीः** भाजपा नेता ने ज़ोर देकर कहा कि रूस ने पाकिस्तान के साथ ऐसे किसी भी समझौते से साफ़ ▸▸ शेष पेज 5 पर

'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' होगी शुरू

# पीएम मोदी आज करेंगे 35,440 करोड़ रुपए की कृषि योजनाओं का शुभारंभ

- सुबह 10:30 बजे शुरू होगा कार्यक्रम
- पीएम किसानों के साथ संवाद करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में एक विशेष कृषि कार्यक्रम के दौरान 35,440 करोड़ रुपए की विभिन्न कृषि योजनाओं की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम शनिवार सुबह



10:30 बजे शुरू होगा, जिसमें प्रधानमंत्री किसानों से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर वे कृषि विकास, ग्रामीण प्रगति और किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराएंगे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 'आत्मनिर्भरता मिशन इन पल्सेस' की भी करेंगे शुरुआत

*प्रधानमंत्री आत्मनिर्भरता मिशन इन पल्सेस (दाल) की भी शुरुआत करेंगे, जिसके लिए 11,440 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह योजना दालों की उत्पादकता बढ़ाने, खेती के क्षेत्र का विस्तार करने, मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने पर केंद्रित है। वे इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण भी करेंगे। इनमें बेंगलुरु और जम्मू-कश्मीर में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र, अमरेली और बनास में उत्कृष्टता केंद्र, असम में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत आईवीएफ लैब और मेहसाणा, इंदौर व भीलवाड़ा में मिल्क पाउडर संयंत्र शामिल हैं। इसके अलावा असम के तेजपुर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत फिश फीड प्लांट और कई एग्रो-प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन ढांचे का भी उद्घाटन किया जाएगा।*

# विपक्षी रस्साकशी से परेशान केंद्र विपक्षी सांसदों के बिना संयुक्त संसदीय समिति बनाने पर कर रही है विचार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विपक्ष की ओर से अब तक उन तीन विधेयकों पर विचार करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति में सदस्य नामित नहीं किए गए हैं, जिनमें जेल में बंद मंत्रियों की स्वचालित बर्खास्तगी का प्रावधान है। संसद के पिछले सत्र में ये बिल पेश किए गए थे। ऐसे में झल्ला कर केंद्र सरकार विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है, जिनमें केवल एनडीए, छोटे दलों और निर्दलीय सांसदों को लेकर समिति बनाना भी शामिल है।



विपक्षी सांसदों की नुमाइंदगी गौण हो जाएगी! सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों को कई बार याद दिलाया गया, लेकिन उन्होंने अभी तक लोकसभा अध्यक्ष को यह नहीं बताया कि वे समिति में नाम भेजेंगे या उसका बहिष्कार करेंगे ! इस सूरत में लंबे समय से बेहद महत्वपूर्ण संसदीय समिति का गठन लटका हुआ है।

**बिलों का विवरण :** 20 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान (126वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश संशोधन विधेयक, 2025, और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, 2025 संसद में पेश किए थे। इन बिलों में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री ▸▸ शेष पेज 5 पर

लोकसभा अध्यक्ष ने बारबाडोस की नेशनल असेंबली का दौरा किया

# भारत और बारबाडोस के बीच संबंध दिल और चिंतन का जुड़ाव है: बिरला

- कहा, भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ने भारत और बारबाडोस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम दिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के अवसर पर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (आईपीडी) ने बारबाडोस की नेशनल असेंबली का औपचारिक दौरा किया। बिरला और आईपीडी के सदस्यों का बारबाडोस की नेशनल असेंबली के स्पीकर



आर्थर होल्डर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान, आईपीडी के सदस्यों और बारबाडोस के सांसदों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने, लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान-प्रदान और वैश्विक मंचों पर साझेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से चर्चा की। बिरला को बारबाडोस की पार्लियामेंट में ऐतिहासिक स्पीकर की कुर्सी देखने का भी अवसर मिला, जो 1966 में बारबाडोस की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा उपहार स्वरूप दी गई थी। यह कुर्सी भारत और बारबाडोस के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। भारतीय सागौन की लकड़ी से निर्मित, इसे बारह भारतीय कारीगरों द्वारा लगभग एक वर्ष की अवधि में हाथ से सावधानीपूर्वक तराशा गया था। कुर्सी पर "भारत की जनता की ओर से बारबाडोस की जनता के लिए" लिखा है, जो दोनों देशों के बीच स्नेह, सहयोग और मैत्री की चिरस्थायी भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर, बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बिरला ने भाग लेने वाले विधायी सदनों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

*ऑस्ट्रेलियाई सीनेट की प्रेसीडेंट सू लाइन्स के साथ बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सहयोग पर प्रकाश डाला, जो 2020 से एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुआ है। बिरला ने जोर देकर कहा कि जी20 और राष्ट्रमंडल जैसे मंचों के माध्यम से और पोषित यह साझेदारी, रक्षा, व्यापार, अक्षय ऊर्जा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई है, जो वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और बारबाडोस हाउस ऑफ असेंबली के स्पीकर आर्थर होल्डर के बीच एक द्विपक्षीय बैठक में, संयुक्त राष्ट्र, जी-77 और कैरिकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों पर चल रहे सहयोग पर चर्चा हुई।*

## कैमिकल सेंटर से 18 लाख 25 हजार लेकर हुआ था फरार, अरेस्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोती नगर में कैमिकल सेंटर से 18 लाख 25 हजार रुपए लेकर फरार होने वाले कर्मचारी को हर्ष विहार से गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 17 लाख 65 हजार 500 रुपए बरामद हुये हैं। गिरफ्तार शख्स का नाम संदीप कुमार सिंह निवासी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश बताया गया है।

डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर के अनुसार 6 अक्टूबर को मामले की जानकारी मिली थी। रामा रोड इंडस्ट्रियल एरिया में कैमिकल सेंटर का ऑफिस चलाने वाले अजय सतीजा ने पुलिस को बताया कि उनके यहां 15 साल से काम करने वाला कर्मचारी संदीप कुमार सिंह 18 लाख 25 हजार 500 लेकर लापता हो गया है। रकम 3 अक्टूबर को अशोक विहार में पहुंचाई जानी थी, लेकिन संदीप उस लोकेशन पर नहीं पहुंचा था। काफी खोजबीन करने के बाद पुलिस को इत्तला की गई। एसीपी शिवम की देखरेख में एसएचओ वरुण दलाल की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से संदीप की लोकेशन का पता लगाया और उसे हर्ष विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

### पांच जघन्य मामलों में रहा है शामिल

# एमपी में हत्या और डकैती का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज टीम ने गुना (मध्य प्रदेश) में हत्या और डकैती सहित पांच जघन्य मामलों में वांछित पारदी गिरोह के फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। दो साल में पारदी गिरोह के किसी सदस्य की यह पहली गिरफ्तारी है। मोहन पारदी (40) की गिरफ्तारी पर 12 हजार रुपये का इनामी भी घोषित हो चुका था। यह 2024 से फरार था।

पुलिस के अनुसार मोहन गुना, मध्य प्रदेश के कुख्यात पारदी गिरोह का सदस्य है। वह गुना जिले के धरनावाड़ा थाने में दर्ज एक हत्या, एक हत्या के प्रयास और गैर इरादतन हत्या व डकैती के प्रयास के मामले के अलावा मध्य प्रदेश में दर्ज दो अन्य मामलों में वांछित था। इन मामलों में उसकी गिरफ्तारी पर कुल 12 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। यह गिरोह घरों में डकैती और सेंधमारी के लिए जाना जाता है। आरोपी मोहन पिछले 6 वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपता रहा और बार-बार अपने ठिकाने बदलता रहा। इसे लुधियाना, पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। इसे दिल्ली लाया गया और पूछताछ के बाद गुना पुलिस को सौंप दिया गया है।

## बुद्ध विहार में चाकू मारकर हत्या केस सुलझा, एक आरोपी पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रोहिणी जिले के बुद्ध विहार इलाके में 2 अक्टूबर को हुई 45 वर्षीय जितेंद्र यादव की चाकू मारकर हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस संबंध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार उसे बाबा साहेब अंबेडकर (बीएसए) अस्पताल से सूचना मिली कि जितेंद्र यादव निवासी पाल कॉलोनी, रिठाला को चाकू लगने के बाद भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और पाया कि मरीज को चाकू लगने के गंभीर घाव थे। वह बयान देने की हालत में नहीं था। डॉक्टर के अनुसार उसकी हालत गंभीर थी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल बजाज सर्विस सेंटर, रिठाला पहुंचे, जहां पीड़ित का 14 वर्षीय बेटा मिला। उसने घटना देखी थी। अपने बयान में किशोर ने बताया कि दोपहर लगभग 2:30 बजे उनके टेंपो का ड्राइवर शक्ति आया और उसके पिता से बार-बार पैसे मांगने लगा। अचानक उसने पिता जितेंद्र पर चाकू से वार किया और मौके से भाग गया। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी कई दिनों तक खुद को छिपाने में सफल रहा। 8 अक्टूबर को घायल जितेंद्र यादव की चोटों के कारण मृत्यु हो गई। आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई थी। तकनीकी विश्लेषण और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी शक्ति (38) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पहले भी लूट और डकैती के दो मामलों में शामिल रहा है।

# दिनदहाड़े जूलर से लूटपाट के तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

समयपुर बादली पुलिस ने जूलर से हुई लूटपाट के केस को सुलझाते हुये तीन लुटेरे गिरफ्तार किये गये। इनमें दो की पहले भी संलिप्तता रही है। पुलिस ने बताया कि¬ चचेरा भाई ही डकैती की साजिश का मास्टरमाइंड निकला। आरोपियों से 15 लाख कीमत की 10 सोने की चेन, 10 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार 4 अक्टूबर को समयपुर बादली थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई जिसमें आभूषण की दुकान बी ब्लॉक, पॉकेट 9, सेक्टर-18, रोहिणी में दुकान मालिक की आंखों में मिर्च स्प्रे छिड़ककर सोने की चेन लूटने की बात कही गई थी। मौके पर शिकायतकर्ता अनिल कुमार मिले। उन्होंने बताया कि उनकी सोनी ज्वैलर्स के नाम से एक आभूषण की दुकान है। वह अपनी दुकान पर मौजूद थे और लगभग 1:30 बजे उनके चचेरे भाई विशाल निवासी बहादुरगढ़ अपने एक साथी के साथ उनकी दुकान पर आए और उनसे कुछ सोने की चेन दिखाने को कहा। विशाल का दोस्त सोने की चेन खरीदना चाहता है। शिकायतकर्ता ने काउंटर पर 10-11 सोने की चेन वाली ट्रे निकाली और उन्हें चुनने के लिए कहा। कुछ समय बाद उसका चचेरा भाई उठा और अपने मोबाइल पर बात करते हुए दुकान से बाहर चला गया। कुछ सेकंड के बाद उसके चचेरे भाई विशाल के साथ आए व्यक्ति ने उस पर मिर्च स्प्रे निकाला और उसकी आंखों में स्प्रे कर दिया। केस दर्ज कर एक जांच टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और अंततः तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम विशाल वर्मा, मनीष वर्मा और सुमित डबास उर्फ सोनू हैं। आगे की जांच में आरोपी विशाल और सुमित डबास से 5-5 सोने की चेन बरामद हुई।

## हरियाणा से संगम विहार पहुंची 13 सौ क्वार्टर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

साउथ डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ की टीम ने बॉर्डर पार हरियाणा से तस्करी करके संगम विहार लाई गई 1300 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की है। इस संबंध में एक आरोपी को पकड़ा गया है। इसका नाम रोहित बताया गया है। वह हरियाणा का रहने वाला है। पहले से दिल्ली एक्साइज एक्ट के मामले में शामिल रहा है। तस्करी में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया गया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुराग सिंह की टीम ने संगम विहार इलाके में ट्रैप लगाकर एक संदिग्ध कार को जांच के लिए रोका था। जब उसकी तलाशी ली गई तो शराब की पेटियां मिलीं। शराब केवल हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। आरोपी के खिलाफ दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत संगम विहार थाने में केस दर्ज किया गया है।

## कई क्षेत्रों में 15-16 को नहीं आएगा पीने का पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने कहा है कि आने वाली 15-16 अक्टूबर 2025 को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) व सफदरजंग अस्पताल सहित कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि डी-आईआईए फ्लैट्स साउथ मोती बाग में 900 मिमी व्यास वाली नई बिछाई गई एमएस वाटर लाइन को दक्षिणी दिल्ली वाली मेन आपूर्ति पाइप लाइन से जोड़ना है। इसी प्रकार रिंग रोड पर पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास 600 मिमी व्यास वाली लाइन को पालम यूजीआर से सफदरजंग अस्पताल रिंग रोड तक जाने वाली मौजूदा बड़ी सीआई साउथ दिल्ली मेन लाइन के साथ जोड़ना है। इन जरूरी कार्यों के चलते 15 अक्टूबर की शाम और 16 अक्टूबर की सुबह जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी के अनुसार इस लाइन के बंद होने से एम्स अस्पताल व सफदरजंग अस्पताल सहित आर के पुरम के सेक्टर 1, 5, 6, 7, 8, 9, 12 में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके अलावा भीकाजी कामा पैलेस, नानक पुरा दक्षिण मोती बाग, सत्य निकेतन, मोची गोवा, आंशिक रूप से दक्षिण परिसर दिल्ली विश्वविद्यालय, एनडीएमसी का निकटवर्ती क्षेत्र पालिका भवन और अन्य आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह जरूरत के अनुसार पहले ही पानी भरकर रख ले।

## कुख्यात कार चोरों के गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने कुख्यात कार चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। इस गिरोह के पांच सक्रिय सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था और उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। गिरोह का नेतृत्व शरद पांडे कर रहा था। अब पकड़े गये दो आरोपियों के नाम दारे मादा यांगदा और यूसुफ अली है। पुलिस के अनुसार संगठित अपराध करने वाले गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जारी अभियान में क्राइम ब्रांच ने शरद पांडे गिरोह पर अंकुश लगाया है। शरद पांडे और उसके सहयोगी कथित तौर पर वर्ष 2015 से 2018 तक दिल्ली-एनसीआर में सौ से ज्यादा कार चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। पांडे बिंदापुर थानाक्षेत्र का एक कुख्यात अपराधी है और 45 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। एक दशक से भी ज्यादा समय से एक क्राइम सिंडिकेट चला रहा था, जो कार चोरी, खासकर लग्जरी वाहनों की चोरी में शामिल था। इस सिंडिकेट ने अरुणाचल प्रदेश और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में कई लूटे गए वाहनों को ठिकाने लगाया था। इस गिरोह के खिलाफ मकोका के तहत केस दर्ज किया गया था। यह गिरोह बंदूक की नोक पर ड्राइवर का अपहरण करने के बाद लग्जरी वाहनों को लूटने में शामिल था। इसके अलावा गिरोह हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती आदि के विभिन्न मामलों में भी शामिल पाया गया है। पहले गिरफ्तार किये गये आरोपियों में शरद पांडे, कपिल चितानिया, विजय फरमाना, सुमित वकील उर्फ विक्की और चंद्रशेखर गुप्ता उर्फ चंदू शामिल थे। इन्हें मकोका के कड़े प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बृजेश कुमार, पुत्रः** राजबीर सिंह, **पताः** मकान नं. 612, इंकम टैक्स कॉलोनी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 184/20 U/s 188 IPC, थानाः मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बृजेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बृजेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 184/20 U/s 188 IPC, थानाः मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बृजेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विवेक बेनीवाल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
कमरा नं. 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13686/NW/2025
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली में पार्किंग कम मैनिज्मन्ट और स्टाककइंग पार्सल, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साइड, NE-1) (कुल क्षेत्र 2191.87 वर्गमीटर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा दो (02) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है।

| ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है। |
|---|---|
| 23.10.2025 को 12:00 बजे | पार्किंग कम मैनिज्मन्ट और स्टेकिंग पार्सल, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साइड, NE-1) (कुल क्षेत्र 2191.87 वर्गमीटर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा दो (02) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः 4.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **5. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **6.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **3126/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नरेला में पुलिस मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक वांछित अपराधी घायल हो गया। घायल बदमाश को तुरंत पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बदमाश का नाम आफताब बताया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी काले रंग के स्कूटर पर इलाके में आएगा। उसके पास हथियार भी हो सकता है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए इलाके में एक ट्रैप लगाया गया था। पता चले विवरण से मिलता जुलता एक स्कूटर नरेला औद्योगिक क्षेत्र के जी ब्लॉक के पास देखा गया। टीम ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन स्कूटर सवार ने पुलिस पर दो गोलियां चलाई। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में तीन गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी। आरोपी का नाम बवाना निवासी आफताब आलम उर्फ अत्ती पता चला। अधिकारियों के अनुसार आफताब एक आदतन अपराधी है और विभिन्न थानों में दर्ज झपटमारी, डकैती और हत्या के कई मामलों में शामिल रहा है।

## कांग्रेस पहुंची राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, बरेली में दलित युवक की पीट पीटकर हत्या का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा। यह शिकायत उत्तर प्रदेश के बरेली में एक दलित युवक हरिओम की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के विरोध में दर्ज कराई गई है। इस अवसर पर यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सदस्य डाक्टर (जस्टिस) बिद्युत रंजन सारंगी ने शिकायत को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि मामले पर पूरी समीक्षा करके उचित निर्णय लिया जाएगा। यादव ने कहा कि कांग्रेस ऐसी नृशंस घटनाओं की कड़ी निंदा करती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दलितों और हाशिए पर पड़े लोगों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए सख्त सजा के साथ दिशा-निर्देश तैयार करे और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए इसका व्यापक प्रचार भी करे। यादव ने कहा कि इस घटना की सच्चाई का पता लगाने के लिए मौके पर ही जांच कराने के लिए एक उच्च स्तरीय दल नियुक्त किया जाए। यादव ने कहा कि हमने ज्ञापन सौंपा है जिसमें लिखा है कि हम आपका ध्यान देश भर में समाज के हाशिए पर पड़े दलित वर्गों पर हो रहे अत्याचारों पर संज्ञान लिया जाना चाहिए। ऐसी बर्बर घटनाएं दुनिया की नजरों में देश की छवि को भी धूमिल करती हैं और देश की प्रतिष्ठा को कम करती है। भाजपा शासित राज्यों सहित उत्तर प्रदेश में सभी मानव अधिकारों को ताक पर ऐसे जघन्य अपराधों के दोषियों के खिलाफ समय पर कड़ी कार्रवाही करके सजा दिलाने की बजाय हिंसक कृत्यों के दोषियों को संरक्षण देती दिखाई देती है। यादव ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी लोकतांत्रिक परंपराओं का अनुकूलन करने, आजादी के हमारे महान संघर्ष के बावजूद दलित और हाशिए पर पड़े लोग अपनी स्वतंत्रता, रक्षा, सुरक्षा और मानवाधिकारों और मानव जीवन जीने के सीमित दायरे के कारण अत्याचार और घोर अन्याय का सामना कर रहे हैं।

### सुबह 3.15 पर चलेगी पहली मेट्रो रेल

## हाफ मैराथन के चलते डीएमआरसी ने किया परिचालन में बदलाव


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली में रविवार 12 अक्टूबर 2025 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन दौड़ के प्रतिभागियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने चुनिंदा लाइनों पर सुबह 3.15 बजे से मेट्रो चलाने की घोषणा की है। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की तरफ से बताया गया कि रविवार को हाफ मैराथन दौड़ होनी है, जिसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों की सुविधा के लिए अस्थाई रूप से चुनिंदा लाइनों के चार टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 3:15 बजे सेमेट्रो रेल परिचालन का फैसला लिया है। इनमें रेड लाइन, यानी लाइन संख्या 1, रिठाला से शहीद स्थल, नया बस अड्डा तक, येलो लाइन समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम तक, ब्लू लाइन -3/4, द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा, इलेक्ट्रॉनिक सिटी वैशाली तक और वायलेट लाइन मतलब लाइन -6, कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह तक शामिल है। इन लाइनों पर रविवार को इन लाइनों पर पहली मेट्रो सुबह 3:15 से सुबह 4:00 बजे तक हर 15 मिनट के अंतराल पर चलेगी। उसके बाद सुबह 4 बजे से सुबह 6 बजे तक हर 20 मिनट पर यह सेवा उपलब्ध होगी। जबकि अन्य सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं केवल अपने नियमित रविवार समय सारिणी के अनुसार ही शुरू होंगी। डीएमआरसी का कहना है कि प्रतिभागियों की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए, मैराथन के आयोजक जेएलएन स्टेडियम, जोर बाग, जनपथ और जंगपुरा सहित विशिष्ट मेट्रो स्टेशनों पर स्वयंसेवकों को भी तैनात करेंगे। दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के प्रतिभागियों के लिए कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने का खर्च आयोजक वहन कर रहे हैं। इसके लिए डीएमआरसी ने लागू मेट्रो किराए के अनुसार आवश्यक संख्या में क्यूआर टिकट उपलब्ध कराए हैं। धावकों के लिए मेट्रो से आना-जाना निःशुल्क है। धावकों को सलाह दी जाती है कि वे आयोजकों से अपने बिब के साथ विशेष क्यूआर कोड वाले कलाई बैंड भी ले लें।

# उपराज्यपाल ने किया द्वारका में ऑटोमेटिक एंटी-स्मॉग मिस्टिंग सिस्टम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने द्वारका में पूरी तरह से स्वचालित एंटी-स्मॉग मिस्टिंग सिस्टम का शुभारंभ किया। इसकी मदद से आगामी सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इस सिस्टम का दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने तैयार किया है। इस अवसर पर एलजी सक्सेना ने कहा कि यह पहल वायु प्रदूषण के खतरे से निपटने के लिए डीडीए की नई और तकनीकी-आधारित दृष्टिकोण को दर्शाती है। यह स्पष्ट है कि वायु प्रदूषण की चुनौती एक सामूहिक जिम्मेदारी है, और इस दिशा में हर संभव कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि छोटे कदम भी शहर की वायु गुणवत्ता पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। डीडीए द्वारा उठाया गया यह कदम राजधानी को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। एलजी ने कहा कि डीडीए ने जलापूर्ति बनाए रखने के लिए तीन पंप हाउस बनाए हैं। एक उन्नत आरओ सिस्टम पानी को शुद्ध करेगा और कुल घुले हुए ठोस पदार्थों (टीडीएस) को 2000 से घटाकर 50 कर देगा। जिससे यह मिस्ट छिड़काव के लिए उपयुक्त हो जाएगी। आरओ शुद्धिकरण से उत्पन्न अपशिष्ट जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा, जिससे पानी का अधिकतम उपयोग और न्यूनतम बर्बादी सुनिश्चित होगी। एलजी ने कहा कि अनुमान है कि यह प्रणाली इस पूरे स्ट्रेच पर वायु प्रदूषण को 15 प्रतिशत तक कम करने में सक्षम होगी। यह न केवल हवा में निलंबित धूल के कणों को जमीन पर बैठने में मदद करेगा, बल्कि जो अन्यथा वाहनों की आवाजाही के कारण हवा उड़ते हैं, को यह नमी सड़क के किनारे लगे पौधों और पेड़ों पर धूल जमने से भी रोकेगी। एंटी-स्मॉग मिस्टिंग सिस्टम कई उद्देश्यों की पूर्ति करेगा। हवा में स्प्रे की गई यह मिस्ट ज़मीन पर गिरने पर सड़कों पर मौजूद धूल के कणों को भी व्यवस्थित करने में मदद करेगी, जो वाहनों की आवाजाही के कारण हवा में उड़ते रहते हैं। इसके अलावा, हवा में स्प्रे किए गए इस मिस्ट से सड़क के किनारे लगे पौधों और पेड़ों पर धूल जमने में भी बचाव होगा।

**GOVERNMENT OF ASSAM**
**ASSAM INLAND WATER TRANSPORT DEVELOPMENT SOCIETY**

3rd Floor, Directorate of Inland Water Transport, Assam::Ulubari, Guwahati-781007:: email: dir.iwtds-as@gov.in , Tel: 0361-2462677

Notice No. AIWTD-11013/31/2025/1

**E-Procurement Notice :: Request for Bids**

Name of Project : Assam Inland Water Transport Project (AIWTP)
RFB Reference no : IN-IWT-512844-CW-RFB
**Assignment Title** : Supply, Installation, Testing and Commissioning of IT and Audio Video system at existing IWT office
building at Ulubari, Guwahati-7 to be transferred to AIWCL.
Estimated Project Cost : **INR 56,56,634.00** only

The Government of India has obtained financing from the World Bank towards cost of the Assam IWT Project. Under the project, State Project Director, Assam Inland Water Transport Development Society (AIWTDS) invites Request for Bid through National Open Competitive bidding process from eligible bidders for the aforesaid assignment. Complete documents of the RFB shall be available on website www.assamtenders.gov.in & www.aiwtdsociety.assam.gov.in Intending bidders are required to register at e-tender portal of the Assam Govt. www.assamtenders.gov.in and participate through e-tender portal only. **The last date and time of online submission of bid is on 06/ 11 /2025 at 14:00 HRS(IST).**

**Sd/-State Project Director**
**Assam IWT Development Society**
**Ulubari, Guwahati-781007**

### मुख्यमंत्री ने 'अपनों' संग मनाया करवाचौथ उत्सव

# करवाचौथ पर्व भारतीय परंपरा, श्रद्धा और उल्लास का संगमः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में शुक्रवार को परंपरा, श्रद्धा, उल्लास व उमंग के साथ करवाचौथ पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विशेष व्यवस्था की और वातावरण को अपनत्व से सराबोर कर दिया। इस कार्यक्रम में देश व दिल्ली की कई महिला हस्तियां उपस्थित थी, जिन्होंने इस पर्व में पूरे मनोयोग से भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रयास है कि राजधानी में ऐसी परंपराओं को न केवल संजोया जाए, बल्कि उन्हें और गरिमामय तरीके से मनाया जाए, क्योंकि ये पर्व हमारे समाज में पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। रेखा गुप्ता का मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला करवाचौथ का पर्व था, इसलिए उन्होंने अपने कैंप कार्यालय में इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाने की पूरी तैयारी की। इस समारोह में केंद्रीय मंत्रियों की पत्नी, महिला सांसद, सांसदों, दिल्ली सरकार के मंत्रियों, महिला विधायक व पुरुष विधायकों की पत्नियां, महिला पार्षद, दिल्ली सरकार की महिला अधिकारी, विभिन्न संस्थानों व संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं सहित अनेक प्रमुख महिला हस्तियां भी उपस्थित थी। शाम को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन का वातावरण विशेष दिख रहा था, चारों ओर व्रती महिलाएं एक दूसरे को करवाचौथ की शुभकामनाएं देती नजर आ रही थीं। इस दृश्य ने तो मन को भावों से भर दिया, जब महिलाएं वहां बुजुर्ग महिलाओं के पैर छूती और आशीर्वाद लेती दिखीं। कार्यक्रम में सबसे पहले करवाचौथ की कथा का आयोजन किया गया, जिसे सभी व्रती महिलाओं ने पूरे मनोयोग से सुना। उसके बाद वातावरण को उमंग व उल्लास से भरने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्रती महिलाओं ने सहभागिता दिखाई। महिलाओं का कहना था कि उन्होंने पहली बार दिल्ली में इतने मनोयोग व उमंग से करवाचौथ का पर्व मनाया है। उनका कहना था कि यह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का ही प्रयास है, जिन्होंने इस पर्व को विशेष बना दिया। उसके बाद जैसे ही चंद्रदेव का उदय हुआ, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने पूरी परंपरा और मनोयोग के साथ अपने पतियों की दीर्घायु की कामना करते हुए इस व्रत को संपूर्ण किया।



### भारतीय संस्कृति और नारी जीवन की महान परंपराओं का प्रतीक है करवाचौथ : सीएम

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कि करवाचौथ भारतीय संस्कृति और नारी जीवन की महान परंपराओं का प्रतीक है। यह पर्व केवल पति-पत्नी के बीच अटूट विश्वास और समर्पण का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे पारिवारिक मूल्यों, त्याग, प्रेम और एकता की जीवंत अभिव्यक्ति भी है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ का व्रत भारतीय नारी की आस्था और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण है, जो पति की दीर्घायु, परिवार की समृद्धि और जीवन की मंगलकामना के लिए पूरे मनोयोग और उत्साह से किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बदलते समय में भी यह पर्व हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का सशक्त माध्यम है। इस व्रत की सबसे सुंदर विशेषता यह है कि इसमें केवल उपवास ही नहीं, बल्कि भावनाओं का संगम, रिश्तों की ऊष्मा और परिवार के प्रति समर्पण का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ के अवसर पर महिलाएं सजे-धजे पारंपरिक परिधानों में जब एकत्रित होकर कथा सुनती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देती हैं और चंद्रमा के दर्शन के बाद व्रत खोलती हैं, तो वह दृश्य भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवंत कर देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप में से कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की पत्नी स्वाति, आशीष सूद की पत्नी अन्नू सूद, कपिल मिश्रा की पत्नी प्रीति मिश्रा, डॉ.पंकज कुमार सिंह की पत्नी रश्मि और रविंद्र इंद्राज सिंह पत्नी मनीषा के अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहतकर, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की पत्नी मृदुला प्रधान, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की पत्नी संगीता सक्सेना,भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन, सांसद मनोज तिवारी की पत्नी सुरभि तिवारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की पत्नी प्रियंका सचदेवा और दिल्ली प्रदेश महिला भाजपा मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे भी शामिल हुईं।

# दिल्ली सरकार ने कारोबारियों को जारी किया 694 करोड़ का जीएसटी रिफंड : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने दिल्ली के कारोबारियों को दिवाली का उपहार देते हुए जीएसटी रिफंड प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इस मद में सरकार ने अभी तक कारोबारियों की 694 करोड़ रुपये की राशि उन तक पहुंचा दी है, जो एक रिकॉर्ड है। इस बात की जानकारी शुकवार का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री का कहना है कि मुख्यमंत्री का कहना है कि छोटे-बड़े हर व्यापारी का जीएसटी रिफंड उसे तय समय सीमा में देने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने जीएसटी टीम की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की है और कहा है कि संबंधित विभाग के अधिकारी जीएसटी रिफंड वापस करने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग भी कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों के बैंक खातों में तेजी से उनकी बकाया राशि पहुंच रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित होकर व्यापार में सुगमता (इज ऑफ डूइंग बिजनेस) वाली नीति पर गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके लिए बड़े बाजारों के पुनर्विकास की योजनाएं तैयार की जा रही है तो कारोबारी वर्ग की समस्याओं को सुलझाने और उनके कारोबार को बाधा-रहित चलाने के लिए दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड का भी गठन किया जा चुका है। उनकी सरकार मानती है कि राजधानी के कारोबारियों को व्यापार चलाने में जितनी सरलता मिलेगी, राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने का सपना उतनी ही तेजी से पूरा होगा। इसलिए व्यापारी वर्ग का रिफंड वापस करने के लिए तेज प्रयास जारी हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि सभी बकाया, निर्विवादित और वास्तविक रिफंड आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी सरकार का मानना है कि प्राथमिकता और समयबद्ध रिफंड से कारोबारियों को पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी, उनमें मुकदमेबाजी से उपजा तनाव कम होगा, जिससे दिल्ली की आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी।

### जीएसटी विभाग ने नई तकनीक से रिफंड प्रक्रिया को किया तेज

मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली की पिछली सरकार ने जीएसटी रिफंड करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, जिससे रिफंड राशि में लगातार बढ़ोतरी होती चली गई। लेकिन हमारी सरकार ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया और रिफंड निपटान प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, डेटा ऑटोमेशन और त्वरित जांच प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे रिफंड आवेदन शीघ्रता से निपटाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमारा प्रयास है कि दीपावली तक व्यापारी वर्ग तक इतना रिफंड पहुंचा दिया जाए कि उसका सरकार पर विश्वास और बढ़े, साथ ही उसकी दीपावली का पर्व भी अधिक खुशियां और आनंद लेकर आए।

### अप्रैल माह से अब तक 7375 रिफंड आवेदनों का निपटारा कर कियास

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने इस वित्तीय वर्ष से व्यापारी वर्ग का जीएसटी रिफंड वापस करने की प्रक्रिया पर गंभीरता से कार्य करना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री के अनुसार व्यापार व कर विभाग ने इस वित्त वर्ष 2025-26 में (अप्रैल से अब तक) कुल 7375 रिफंड आवेदनों का निपटारा कर दिया है और कुल 694 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड राशि व्यापारियों के खातों में जारी कर दी गई है, जो उनका हक था। सरकार ने एक रिकॉर्ड और भी बनाया है कि उसने सितंबर माह में 227 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया, जो दिल्ली के रिफंड इतिहास में पहले कभी नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने व्यापार एवं कर विभाग के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समय पर रिफंड जारी किया जाना व्यावसायिक संस्थाओं में विश्वास पैदा करता है, साथ ही व्यापारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को तेजी व सुगमता से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## टाटा पावर ने लॉन्च किया सोलर सखी अभियान, केंद्रीय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सहयोग



**नई दिल्ली।** निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने सोलर सखी अभियान लॉन्च किया। कंपनी ने यह अभियान भारत सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ मिलकर शुरू किया है। कंपनी के अनुसार हाल ही में पूठ खुर्द गांव में आयोजित समारोह में इस पहल की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाते हुए स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। यह पहल टाटा पावर के विलेज कस्टमर ग्रुप (वीसीजी) सोलर के माध्यम से चलाई जा रही है। इसका मकसद ग्रामीण समुदायों में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के साथ महिलाओं की नेतृत्व भूमिका को भी सशक्त बनाना है। अभियान की शुरुआत 100 प्रशिक्षित सोलर सखियों से हुई है, जो टाटा पावर के 75 से अधिक गांवों में सौर ऊर्जा की एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगी, सरकारी नीतियों एवं समुदायों के बीच सेतु की भूमिका निभाएंगी। लॉन्च कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के विद्युत सचिव नीरज सेमवाल, विशेष सचिव (ऊर्जा) रवि दधीच, जिलाधीश (उत्तर) कुमार अभिषेक, पार्षद अंजू अमन डबास और टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ द्विजदास बसाक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जनवरी 2026 तक सभी सरकारी अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें लगा दी जाएंगी : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के लिए एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनों के प्रोक्योरमेंट की प्रक्रिया प्रगति पर है। जनवरी 2026 तक दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनों की सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान कही। गौरतलब है कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल का औचक निरीक्षण कर जमीनी हालात का जायजा लिया। मंत्री डॉ. पंकज ने दौरे के दौरान अस्पताल में मौजूद मेडिकल सुविधाओं और मेडिकल उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। डॉ. पंकज ने कहा कि एलएनजेपी अस्पताल में मौजूद सभी 80 वेंटिलेटर पूरी तरह से काम कर रहे हैं। साथ ही आपातकालीन मरीजों के उपयोग के लिए अलग से 18 वेंटिलेटर आरक्षित हैं। डॉ. पंकज ने एलएनजेपी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग, ओपीडी, ओटी समेत सभी वार्डों का मौके पर जाकर निरीक्षण करने के साथ डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ, मरीजों और उनके परिजनों को भरोसा दिया कि दिल्ली के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और विश्व स्तरीय मेडिकल सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

## बढ़ने लगा वायु प्रदूषण, दूसरे ही दिन एक्यूआई पहुंचा 139 पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ने लगा है, वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा है। दूसरे ही दिन शुक्रवार को वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 139 पर पहुंच गया। जबकि गुरुवार को यह 99 एक्यूआई के रूप में दर्ज हुआ था। यानी इसमें करीब 40 अंक की बढ़ोतरी गत 24 घंटों में देखने को मिली है। अगर यह आंकड़ा इस प्रकार बढ़ता रहा तो इस माह के अंत तक राजधानी गैस का चेंबर बनने लग जाएगी। यानी कहा जा सकता है कि वायु प्रदूषण से राहत नहीं बल्कि आफत बढ़ने वाली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह आठ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 139 रहा, जो मध्यम श्रेणी में आता है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.5 डिग्री कम है। यानी रात के समय अब मौसम हल्का सर्द होने लगा है। वहीं दिन के समय यानी अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे गिर रहा है। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे है। मतलब कि दिन भी गुलाबी ठंडक का अहसास कराने लगा है। वहीं पिछले 24 घंटे में शहर में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं हुई है। जबकि सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर सापेक्ष आर्द्रता 82 प्रतिशत रही। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि आने वाले तीन चार दिनों में मौसम में मामूली बदलाव देखने को मिलेगा जिसमें अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़त संभव है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा या हल्के बादल से घिरा रह सकता है।




ऑफर सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर उपलब्ध है। croma Reliance Digital vijay sales
@philipshomelivingindia @philipshomelivingindia @smartcookingbyphilips www.domesticappliances.philips.co.in

**AVAILABLE AT ELECTRONICS MART ACROSS DELHI NCR -** 7386777584; **DEALERS DELHI:** AHUJA BARTAN STORE- 8650603010; GUPTA ELECTRICALS- 7400100101; SHREE BALAJI ELECTRONICS- 8851761289; MAHINDRA DEPARTMENTAL STORE- 9811328667; NATIONAL CROCKERY EMPORIUM- 9871414143; APPLIANCES INDIA- 9810060257; MAYUR EMPORIUM- 9811358550; LAXMI SUPER MEGAMART PRIVATE LIMITED- 9310219576; HARI OM RETAIL PVT. LTD.- 9811115600; EP ELECTRONIC PARADISE PVT. LTD.- 7669148649; BHUTANI BARTAN STORE- 9212157389; **GURUGRAM:** KAPOOR ELECTRICALS- 9891980826; AMAR JYOTI ELECTRICALS- 9899470052; ELECTRICITY- 9811316003; CITY COLLECTION- 9818713510; AGGARWAL ELECTRONICS- 9958093636; **FARIDABAD:** PRISHA ELECTRONICS- 8287327924; ASHOKA TRADING CO.- 8287040230; GURU KIRPA BARTAN BANDHAR- 9211172233; **GHAZIABAD:** SAURAJ ELECTRICALS- 9811032150; SHRI BALAJI CROCKERY- 9899875620; GLOWFAST ELECTRONICS- 9873635301; **NOIDA:** ANKUR ELECTRICALS- 9213626890; RAHUL ELECTRICALS- 9911170254; C.S. ELECTRIC CO.- 9990375083.

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले एक आरोपी किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बर्गर किंग की फ्रैंचाइजी देने के नाम पर 39 लाख की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाता उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-21 निवासी व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि सितंबर 2022 में वह बर्गर किंग की फ्रैंचाइजी लेने के लिए गुगल पर सर्च कर रहा था तो उसे एक साइट बर्गर किंग फ्रैंचाइजी के वॉल से मिली। एक फॉर्म भरा जिसमें अपनी सारी जानकारी डाली।

### 13 लाख रुपए की ठगी खाताधारक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर 13,08,485 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर-8 फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि सितम्बर 2024 में उसके पास व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज में निवेश कर मुनाफा कमाने बारे कहा गया था।

### टास्क के माध्यम से एक लाख 35 हजार रु.की ठगी



**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 1,35,300 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने 2 आरोपियों को काबू किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में न्यू बसेलवा कॉलोनी वासी एक महिला ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखा। जिसके बाद उसने उस पर सारी डिटेल भरी और उसको 23 फरवरी को 200 रूपए वेलकम बोनस दिया गया। फिर उसे टेलिग्राम के माध्यम से होटल को रेटिंग करने काम दिया गया। पहले उसे 6 टास्क के लिए 1000 रुपए देने के लिए कहा गया।

राष्ट्रपति से प्रभावशाली कदम उठाने की मांग, बोले- संविधान पर हमला

# फरीदाबाद जाटव महासभा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद जाटव महासभा द्वारा सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने के आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन फरीदाबाद डीसी विक्रम सिंह को सौंपा। जाटव महासभा फरीदाबाद ने अध्यक्ष धर्मपाल सरपंच ने कहा किए देश के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर इस तरह से जूता फेंकने की कोशिश करना संविधान के ऊपर हमला है। जाटव महासभा इस घिनौने कार्य की कड़े शब्दों में निंदा करती हैं। जाटव महासभा ने एक प्रस्ताव पारित करके महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि भविष्य में ऐसी घटना ना हो उसके लिए प्रभावशाली कदम उठाएं जाए।



### सनातन धर्म किसी का अपमान नहीं सीखाता

ऐसे लोग राजनीतिक लाभ साधने के लिए इस तरह की हरकत करते हैं। सीजेआई ने भले ही वकील को माफ कर दिया हो, लेकिन ऐसा कतई नहीं होना चाहिए कि कोई भी सनातन को अपना हथियार बनाकर अपने गलत मंसूबे को अंजाम दे। जाटव महासभा के महासचिव अशोक रावल ने बताया कि राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की कोशिश जानबूझकर की गई थी। वक्त रहते सुरक्षा कर्मचारियों ने ऐसा होने से बचा लिया। सुप्रीम कोर्ट में वकील ने जो कायराना हरकत की है वो उसका विरोध करते है। किसी भी जज, अधिकारी, सीनियर कर्मचारी के साथ अगर ऐसी हरकत होती है, तो वो उसका विरोध करते हैं। सनातन धर्म ये नहीं सिखाता है कि किसी का अपमान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जाटव महासभा के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह सरपंच, पूर्व पुलिस अधिकारी हरिचंद्र नीमका, बलबीर सिंह, दलित नेता बाबू लाल रवि, अनिल नंबरदार भी मौजूद थे।

नगर आयुक्त को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए

# दिवाली पर रंग बिरंगी लाइटों से रोशन होगा शहर नगर निगम सजाएगा प्रमुख मार्ग,गेट और चौराहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम दीपावली महापर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश जंग बहादुर यादव अपर नगर आयुक्त को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए । ऐसी स्थान जहां पर अंधेरा है वहां निरीक्षण करते हुए प्रकाश व्यवस्था करने के लिए भी कहा। सूरज ढलने के बाद मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी निरीक्षण करते हुए ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा है वहां लाइट लगाते हुए प्रकाश व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के लिए टीम को निर्देश दिए गए।

साथ ही नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग टीम को शहर को सजाने के लिए भी निर्देशित किया गया। वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश जंग बहादुर यादव ने बताया कि शहर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा जिसमें विशेष रूप से प्रमुख मार्ग अंबेडकर रोड, ठाकुरद्वारा रोड, कलेक्ट्रेट के सामने का रोड, तथा अन्य मार्गों को लाइट लगाते हुए सजाया जाएगा जिसमें रंग बिरंगी लड़ियां भी लगाई जाएगी, प्रमुख चौराहों में दुर्गा भाभी चौक मोहन नगर चौक, हिंडन एयरपोर्ट चौक, अटल चौक वसुंधरा, महावीर चौक इंदिरापुरम, होली चाइल्ड नेहरू नगर चौक, हापुर चुंगी चौराहा, प्रताप विहार चौक तथा अन्य चौराहों को लाइटिंग से सजाया जाएगा। इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ समस्त जोनल कार्यालय भी और अधिक बेहतर तरीके से लाइटों के माध्यम से सजाए जाएंगे। प्रभारी प्रकाश आश कुमार द्वारा बताया गया कि ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा पाया जा रहा है या अंधेर की शिकायत प्राप्त हो रही है वहां तत्काल कार्यवाही करते हुए लाइट लगवाते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, आंतरिक वार्डों में भी विशेष रूप से प्रकाश विभाग द्वारा कार्यवाही रोस्टर के क्रम में की जा रही है। शहर वासियों से स्वच्छता और सुंदरता की अपील करते हुए गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा व्यापारियों को महापर्व दिवाली के उपलक्ष में शहर की स्वच्छता सुंदरता में अहम भूमिका निभाने वाला सहयोगी बताया गया, बजारो की सुंदरता बहुत ही आकर्षक होती है। महापौर सुनीता दयाल के निर्देश के क्रम में प्रकाश विभाग गाजियाबाद नगर निगम प्रमुख चौराहा प्रमुख मार्गों के साथ-साथ गाजियाबाद के प्रमुख गेटों को भी सजाने की योजना बना रहा है जिसमें डासना गेट, दिल्ली गेट, जवाहर गेट, सिहानी गेट को सजाया जाएगा।



## इंदिरापुरम का स्वर्ण जयंती पार्क निगम के लिए बनेगा आय का स्रोत, आमंत्रित की गई निविदा



**गाजियाबाद ।** नगर निगम को इंदिरापुरम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से हैंड ओवर होने के बाद लगातार नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम के वार्डों में तथा प्रमुख मार्गो को व्यवस्थित करने का कार्य तीव्रता से चला रहा है। इंदिरापुरम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के क्रम में निर्माण विभाग ने विशेष रुप से नाला निर्माण तथा सड़कों के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें 100 करोड़ से अधिक के कार्य वर्तमान में जारी है। उद्यान विभाग द्वारा स्वर्ण जयंती पार्क जो की नीति खंड 2 तथा 3 के मध्य है, जो कि लगभग 101175 वर्ग मीटर में बना हुआ है, जिसमें एमपी थियेटर, नौका विहार, फाउंटेन, आकर्षक झूले, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल, तथा 40 दुकान भी बनी हुई है जिसमें एंट्री फीस भी लगती है जिसमें इंदिरापुरम क्षेत्र के अधिकांश निवासी गन तथा बाहर के निवासी भी आते हैं गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पार्क को व्यवस्थित करने तथा पार्क से आय अर्जित करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, जो की 25 अक्टूबर को खुलेगी जिसमें 10 लाख मिनिमम धनराशि प्रतिमा के लिए रखी गई है जिसके लिए बोली भी लगाई जाएगी टेंडर लेने वाले को गाजियाबाद नगर निगम का स्वर्ण जयंती पार्क पूर्ण रूप से व्यवस्थित करना होगा निविदा में बताया गया है। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज ने बताया गाजियाबाद नगर निगम इंदिरापुरम क्षेत्र के पार्कों को बेहतर रूप से व्यवस्थित करने में जुटा हुआ है, प्रतिदिन पार्कों की साफ सफाई नियमित पानी का छिड़काव, के साथ-साथ रखरखाव का कार्य भी कर रहा है वही जो बड़े पार्क हैं उनके लिए निविदा भी आमंत्रित की जा रही है, इसी क्रम में स्वर्ण जयंती पार्क एक भव्य पार्क है जहां से राजस्व की प्राप्ति के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है 25 अक्टूबर को अंतिम तिथि है जिसमें नियम अनुसार आगे की कार्यवाही करते हुए स्वर्ण जयंती पार्क की टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी इस कार्यवाही से शहर वासियों के साथ-साथ निगम का भी हित होगा।

निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक की

## डेनमार्क एंबेसी के प्रतिनिधिमंडल के साथ गुरुग्राम के जल निकासी और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा हुई



धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

डेनमार्क एंबेसी के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय का दौरा किया और शहर के जल प्रबंधन तथा इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका ने प्रतिनिधिमंडल को गुरुग्राम की टोपोग्राफी और बरसाती पानी के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर का जल निकासी ढांचा अरावली क्षेत्र से नजफगढ़ ड्रेन की ओर जाता है। अरावली क्षेत्र में चेक डेम और क्रिक्स का निर्माण किया गया है, जिससे बारिश के पानी को नियंत्रित किया जा सके।

जलनिकासी के लिए गुरुग्राम में तीन मास्टर ड्रेन बनाए गए हैं, जबकि चौथा ड्रेन निर्माणाधीन है और अगले 3-4 महीनों में पूरा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, शहर की ग्रीन बेल्ट को सडक़ के स्तर से नीचे लाने की योजना पर काम चल रहा है। शहर के तालाबों को पुनर्जीवित करने की भी योजना बनाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी को तालाबों में स्टोर किया जा सके और जलभराव की समस्या कम हो। नगर निगम ने भविष्य की योजनाओं में फ्लड डिटेक्शन सेंसर और अधिक जलभराव वाले क्षेत्रों में ऑटोमैटिक पंप लगाने की रूपरेखा साझा की। साथ ही, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बड़े बिल्डिंग और सोसायटी में लागू करने पर जोर दिया गया। बैठक में सिवरेज ट्रीटमेंट और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई, जिसमें शहर की पानी की गुणवत्ता और प्रबंधन को और बेहतर बनाने के उपायों पर विचार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी प्रयास आगामी बरसात से पहले पूरे किए जाएंगे, ताकि गुरुग्राम में जलभराव की समस्या से निपटा जा सके और शहर की जल निकासी प्रणाली अधिक प्रभावी बने। एंबेसी प्रतिनिधियों ने आने वाले दिनों में एक वर्कशॉप आयोजित करने की बात कही। बैठक में जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह तथा निगम के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्जकर गिरफ्तार किया

## नशे में धुत चालक ने मचाया बवाल बस से पांच वाहनों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना एरिया में खांडसा रोड पर नशे में धुत एक बस चालक ने जमकर बवाल मचाया। बस चालक ने पहले पांच वाहनों को टक्कर मारी और फिर जब लोगों ने उसे पकड़ा तो उसने बीच रोड पर बवाल मचा दिया। यही नहीं मौके पर उसने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी के साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद पुलिस ने उसे बल पूर्वक काबू किया और मेडिकल कराया। मेडिकल में आरोपी के नशे में होने की पुष्टि हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और बस को भी जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार चालक ने दिखाई हिम्मत



जानकारी अनुसार, वीरवार की दोपहर एक बस खांडसा रोड पर जा रही थी कि अचानक उसने तीन कार और दो बाइकों को टक्कर मार दी। इसके बाद भी चालक नहीं रुका और भागने का प्रयास किया। लेकिन एक कार चालक ने हिम्मत दिखाई और अपनी गाड़ी को किसी तरह से बस से आगे निकालकर बस के आगे अड़ा दिया और बीच रोड पर ही बस को रुकवा लिया।

हादसा तेज रफ्तार ट्राले की वजह से हुआ

## मानेसर घाटी में ओवर लोड ट्राले ने छह गाड़ियों में मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

दिल्ली जयपुर हाइवे पर मानेसर घाटी में वीरवार रात ओवर लोड ट्राले ने छह गाड़ियों में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक गाड़ी पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका ईलाज गुरुग्राम के अस्पताल में चल रहा है। हादसा मानेसर की पहाड़ी पर तेज़ रफ्तार ट्राले की वजह से हुआ। जब जयपुर की तरफ से ट्राला गुरुग्राम की तरफ जा रहा था, तो ओवर लोड होने के कारण ट्राले के ब्रेक नहीं लगे और जाम में खड़ी छह गाड़ियों को टक्कर मारते हुए आगे बढता चला गया। वीरवार की रात करीब 9 बजे दिल्ली जयपुर हाइवे पर मानेसर में ट्रैफिक जाम लगा हुआ था। इतने में जयपुर की तरफ से एक ट्राला तेज़ रफ्तार में आया और पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने बने फ्लाइओवर से मानेसर की तरफ बढ़ने लगा तो ट्राला चालक अपनी स्पीड पर कंट्रोल नहीं रख पाया। ब्रेक नहीं लगने से ट्राला छह गाड़ियों को टक्कर मारते हुए आगे जाकर रुका। इस हादसे में ट्राले की टक्कर से एक टैक्सी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों ने कड़ी मशक्क्त के बाद घायलों को पुलिस की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने कुरुक्षेत्र निवासी संदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि महेंद्रगढ़ के सुरेंद्र कुमार व विनय कुमार को घायलावस्था में गुरुग्राम के निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है।



## अवैध नशा के साथ आरोपी गिरफ्तार 1.205 किलोग्राम गांजा बरामद

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने कार्रवाही करते हुए 1.205 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 अक्टूबर को अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए डबुआ कालोनी फरीदाबाद निवासी आरोपी विकास सिंह को 1.205 किलोग्राम गांजा सहित डबुआ मण्डी से काबू किया है। विरुद्ध थाना डबुआ फरीदाबाद में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विकास सिंह किसी अन्य व्यक्ति के लिए डेली वेजस पर गांजा सप्लाई करने का काम करता था।


**पटना जं.–आनंद विहार (ट.) रेलवे स्टेशनों के बीच नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 03255/03256 पटना जं.–आनंद विहार (ट.)–पटना जं. एक्सप्रेस स्पेशल सेवा को नियमित सेवा के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अब ये रेल सेवा नये नम्बर अर्थात् 13251/13252 पटना जं.–आनंद विहार (ट.) –पटना जं. द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में संचालित की जाएगी, जिसकी विस्तृत समय–सारणी और नियमितीकरण की तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

**रेलगाड़ी सं. 13251/13252 पटना जं.-आनंद विहार (ट.)-पटना जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 13251 | | स्टेशन (↓ 13251, ↑ 13252) | रेलगाड़ी सं. 13252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22.20 | पटना जं. | 18.35 | ---- |
| 22:43 | 22:45 | दानापुर | 17:28 | 17:30 |
| 23.15 | 23:17 | आरा जं. | 16:40 | 16:42 |
| 00.15 | 00:17 | बक्सर | 15:56 | 15:58 |
| 02.10 | 02:20 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 14:40 | 14:50 |
| 04.40 | 04:45 | प्रयागराज जं. | 09:30 | 09:35 |
| 07.30 | 07:40 | गोविन्दपुरी | 06:00 | 06:10 |
| 18.35 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 23:30 |

नोटः– रेलगाड़ी सं. 03255 स्पेशल की सेवा पटना जं. से दिनांक 07.12.2025 से और रेलगाड़ी सं. 03256 स्पेशल की सेवा आनंद विहार (ट.) से दिनांक 08.12.2025 से वापस ले ली जाएगी।

नये नम्बर के साथ नियमितीकरण की तिथियाँ :– 13251 पटना जं. से प्रत्येक रविवार एवं वीरवार दिनांक 07.12.2025 से अगले आदेश तक एवं 13252 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार दिनांक 08.12.2025 से अगले आदेश तक।

स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
4003/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


अन्तर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

# 2 साइबर अपराधी अरेस्ट, करोड़ों की कर चुके हैं ठगी, चार राज्यों की 9 घटनाओं का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न बीमा कंपनियो के प्रतिनिधि के रूप में कॉल कर बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर साइबर फ्रॉड कर कूटरचित पालिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम निशान्त त्यागी उर्फ काकू त्यागी एवं अनुज कुमार हैं। इनके कब्जे से 1 मोबाइल फोन बरामद हुआ है। इस गिरोह के सदस्य अमन अग्रवाल, राहुल यादव, आफताब आलम, राहुल शर्मा, दीपक, गर्वित त्यागी तथा जगजीत सिंह को साइबर अपराध में प्रयुक्त 26 अदद मोबाइल फोन, 06 अदद चेकबुक, 03 अदद पासबुक, 14 अदद एटीएम कार्ड, 04 अदद सिम कार्ड, महिन्द्रा थार तथा एक्सयूवी 300 कार के साथ 4.5 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की 4 राज्यों की 9 घटनाओं का खुलासा किया था।

### अपराधियों ने पूछताछ में किए कई खुलासे




निशान्त त्यागी उर्फ काकू त्यागी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वो वर्ष 2021 में नोएडा में नौकरी करता था, उस कंपनी में विभिन्न बीमा पॉलिसी कंपनी रिलायंस, भारती हेक्सा, सिगना टीटीके, एचडीएफसी तथा बजाज की जीवन बीमा पॉलिसी तथा हेल्थ बीमा पॉलिसी का अधिकृत ग्राहक सेवा केन्द्र था। जिसमें इन बीमा पॉलिसी कंपनियों के जीवन बीमा तथा हेल्थ बीमा पॉलिसी के धारकों को पॉलिसी से संबंधित जानकारी दी जाती थी । उसी दौरान उसकी जान-पहचान अमन अग्रवाल से हुई थी । वो अनुज कुमार, अमन अग्रवाल, राहुल शर्मा, आफताब, दीपक, जगजीत तथा गर्वित त्यागी तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर बीमा पॉलिसी कम्पनियों का ग्राहक सेवा अधिकारी बनकर, बीमा पॉलिसियों के पॉलिसीधारको के मोबाइल नंबर पर बीमा पॉलिसियों को रिन्यू तथा बीमा पॉलिसी में अधिक लाभों का झूठा लालच देकर फर्जी पॉलिसी की रसीद उन्हें भेजकर पैसे अपने खातों में ट्रांसफर कराकर लोगों को ठगते है। अभियुक्त निशान्त त्यागी इसी तरह के अपराध में अहमदाबाद के एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी के मामले में थाना मधुबन बापूधाम से जेल चला गया था। जेल से छूटकर आने के बाद फिर से इसी अपराध में अपने साथियों के साथ लग गया था । यह लोग पॉलिसी के नाम पर फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर कराने के लिए विलास, गणेश तथा भूपेश से प्राप्त उनके खातों की डिटेल देते थे और पॉलिसीधारक इनके द्वारा दिये गए खातों में बीमा पॉलिसी का पैसा ट्रांसफर कर देते थे ।


### शादी का झांसा देकर सवा साल तक युवती से किया दुष्कर्म

**गुरुग्राम।** महिला थाना ईस्ट एरिया में युवती को शादी का झांसा देकर सवा साल तक रेप किए जाने का मामला सामने आया है। युवती ने जब शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उससे मारपीट कर शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 323, 376 (2) एन, 406, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने शिकायत में कहा कि साल 2023 में उसकी पहचान डीएलएफ निवासी अनुराग राणा से हुई थी।

अनुराग ने एक मई 2023 को उसे विश्वास में लेकर उसके साथ संबंध बनाए। विरोध करने पर अनुराग ने उसे शादी करने का वादा किया। इसके बाद से आरोपी जून 2024 तक उसके साथ लगातार संबंध बनाता रहा।

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने लोकसभा में प्रतिपक्ष राहुल गांधी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी मानहानि मामले में चाईबासा की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा समन जारी करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनिल चौधरी की कोर्ट ने कहा कि विशेष मजिस्ट्रेट का संज्ञान लेने व समन जारी करने का आदेश सत्र न्यायालय के आदेश से प्रभावित होकर पारित किया गया।

### एमएलसी चुनाव में सपा-कांग्रेस आमने-सामने



**लखनऊ।** यूपी एमएलसी चुनाव में सपा व कांग्रेस आमने-सामने मैदान आ गए हैं। सपा के बाद कांग्रेस ने भी स्नातक और शिक्षक स्नातक विधानपरिषद सीट के लिए पांच प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नामों का ऐलान करते हुए कहा कि यूपी की सभी 11 सीटों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशी उतारेगी। इससे पहले सपा ने भी पांच सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान किया था।

### बाहुबली धनंजय सिंह को विशेष अदालत से राहत



**जौनपुर।** यहां के पूर्व सांसद बाहुबली धनंजय सिंह को शुक्रवार को एमपीएमएलए विशेष कोर्ट से बरी राहत मिल गई। 15 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में बरी होने के बाद गैंगस्टर एक्ट से भी धनंजय सिंह मुक्त हो गए हैं। धनंजय सिंह के साथ ही अदालत ने आशुतोष जमैथा और पुनीत सिंह को भी गैंगस्टर एक्ट से दोषमुक्त कर दिया है।

## बिहार-यूपी सीमा की 19 सीटों पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला

मायावती की एंट्री से मची सियासी खलबली

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेजी से बढ़नी शुरू हो गई है। इसके साथ ही राजनीतिक गलियारों में सीटों के समीकरण, हार-जीत, जिताऊ प्रत्याशी से लेकर बिहार की राजनीति में उत्तर प्रदेश के असर की चर्चा शुरू है। बिहार के कई विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जो उत्तर प्रदेश से सटे हैं, लिहाजा इन क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की राजनीति का असर भी देखने को मिलता है।



चंपारण, सिवान, रोहतास, बक्सर, गोपालगंज, और कैमूर जैसे क्षेत्र हैं जहां चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश की सियासी लहर का असर दिखता है। इन क्षेत्रों के करीब 19 विधानसभा क्षेत्र हैं जो यूपी से लगते हैं। यहां साल 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में आठ सीटों पर एनडीए, जबकि 10 सीटों पर महागठबंधन ने जीत दर्ज की थी। एक सीट चैनपुर पर बसपा के उम्मीदवार जमा खान ने जीत दर्ज कराई थी। हालांकि, जीतने के बाद वह जदयू में शामिल हो गए। एक ओर एनडीए के उम्मीदवार यहां से ताल ठोकने की तैयारी में हैं तो दूसरी ओर महागठबंधन के उम्मीदवार भी मैदान मारने को करीब-करीब तैयार हैं। इन दो प्रमुख गठबंधनों की राजनीतिक लड़ाई में अब यूपी की पार्टी बसपा भी किस्मत आजमाने उत्तर रही है।

## बिहार में 12 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जेएमएम

हेमंत सोरेन ने रख दी अपनी मांग

बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया। अब सभी पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर लगातार तनातनी चल रही है। इस बीच जेएमएम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, जेएमएम 12 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

एजेंसी ▶▶ रांची

बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सेदारी को लेकर महागठबंधन और एनडीए दोनों में तनातनी चल रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुदीव्य कुमार सोनू और विनोद पांडे कल छह अक्टूबर को पटना में आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात करेंगे। पार्टी अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन ने दोनों को बातचीत करने के लिए इसकी कमान सौंपी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। पार्टी राज्य की सीमावर्ती 12 विधानसभा सीटों पर दावेदारी के साथ महागठबंधन में सम्मानजनक भागीदारी की तैयारी में जुट गई है।

### इन सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान



झामुमो की नजर बिहार के तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका, ठाकुरगंज, रूपौली, रामपुर, बनमनखी, जमालपुर, पीरपैंती और चकाई सीटों पर है। इन जिलों की सीमा झारखंड से लगती है और यहां झामुमो का वोटबैंक मजबूत माना जाता है। पार्टी का दावा है कि इन इलाकों में संगठन की जमीनी पकड़ अच्छी है और अतीत में उसके विधायक भी यहां से चुने जा चुके हैं।

## घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि सपनों और सुरक्षा का प्रतीक

# 160 परिवारों को मिला दीपावली का तोहफा मुख्यमंत्री योगी ने सौंपी फ्लैट की चाबियां

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में 160 परिवारों को उनके नए घरों की चाबियां सौंपकर दीपावली के पर्व को और भी खास बना दिया। यह आयोजन गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की ओर से देवरिया बाईपास रोड पर स्थित 'पाम पैराडाइज' आवासीय परियोजना में हुआ, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के लिए बनाए गए फ्लैट्स वितरित किए गए।

160 फ्लैट्स में से 80 फ्लैट्स आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और 80 फ्लैट्स निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के लिए हैं। यह आवासीय परियोजना देवरिया बाईपास रोड पर 'पाम पैराडाइज' में स्थित है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 118 करोड़ रुपए की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गोरखपुर को और अधिक विकसित और सुविधाजनक बनाना है। यह कदम शहर के बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, 'आज 160 परिवारों को यह दीपावली का शुभ उपहार मिल रहा है।' उन्होंने बताया कि एक परिवार में औसतन पांच से छह सदस्य होने पर करीब 700-800 लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। योगी ने इस अवसर को हर परिवार के लिए एक विशेष और यादगार पल बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल एक आवास नहीं, बल्कि हर परिवार के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। 'एक घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि सपनों और सुरक्षा का प्रतीक है। यह परिवारों को स्थायित्व और सम्मान प्रदान करता है।'

### खास बातें

- 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास
- घर परिवारों को स्थायित्व और सम्मान प्रदान करता है

### पाम पैराडाइज' आवासीय परियोजना आधुनिक सुविधाओं से लैस



पाम पैराडाइज' आवासीय परियोजना आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह ऊंची इमारत न केवल रहने के लिए आरामदायक है, बल्कि इसके आसपास की लोकेशन भी बेहद आकर्षक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस इमारत के पास रामगढ़ ताल, चिड़ियाघर और खोराबार जैसे खूबसूरत स्थान हैं। साथ ही, कुछ दूरी पर सांसद रवि किशन का आवास भी स्थित है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, 'गरीब, रेहड़ी-पटरी वालों, श्रमिक, पत्रकार, अधिवक्ता, चिकित्सक, शिक्षक और व्यापारियों हर तबके के लिए समय-समय पर विशेष योजनाएं लाई जाएंगी।'

### केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया

योगी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के नेतृत्व में देशभर में चार करोड़ गरीबों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि केवल उत्तर प्रदेश में ही 60 लाख से अधिक गरीबों को आवास मिल चुके हैं।

एक पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सांसद का बेटा शामिल

## नीतीश की जेडीयू को तेजस्वी का ट्रिपल झटका

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार विधानसभा चुनाव के राजनीतिक रणभूमि में तेजस्वी यादव की आरजेडी ने शुक्रवार को नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड को एक के बाद एक तीन झटके दिए। पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, जेडीयू के पूर्व विधायक राहुल शर्मा और जेडीयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक्य प्रकाश रंजन आरजेडी में शामिल हो गए।

संतोष कुशवाहा धमदाहा विधानसभा सीट से लेसी सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं, राहुल शर्मा घोसी विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी की ओर से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। यह कदम आरजेडी द्वारा भूमिहार समाज के बड़े नेताओं को साधने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

### मगध क्षेत्र में भी पैठ मजबूत करना चाह रहे तेजस्वी

मगध क्षेत्र में अपनी पैठ रखने वाले राहुल शर्मा के पिता जगदीश शर्मा 1977 से 2009 तक लगातार घोषी सीट से विधायक रहे और 2009 में सांसद बने। उनकी पत्नी शांति शर्मा उपचुनाव के जरिए विधायक बनीं, जबकि राहुल शर्मा 2010 2015 तक घोषी सीट से विधायक रहे। जगदीश शर्मा आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के पुराने मित्र रहे हैं, इसीलिए उनके बेटे का आरजेडी में शामिल होना राजनीतिक हलकों में बड़ी चर्चा का विषय है।

### सीटों के बंटवारे पर फैसला अटका

बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी महागठबंधन और एनडीए में कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है, लेकिन नेताओं के पाला बदलने और नए समीकरण बनते ही राजनीतिक माहौल और अधिक रोचक हो गया है। तेजस्वी यादव की आरजेडी के लिए यह जोड़ नीतीश कुमार की जेडीयू के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## पेज एक का शेष

### दुनिया में फिर चली...

ही देश में छिपकर रह रही हैं। आयरन लेडी के नाम से भी मशहूर मचाडो का नाम टाइम पत्रिका की 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल है। इस पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष ने मचाडो की शांति की एक साहसी और प्रतिबद्ध समर्थक के रूप में सराहना की, जो बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखती हैं। गौर हो कि मारिया महात्मा गांधी की कट्टर अनुयायी हैं।

मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की: पुरस्कार की घोषणा के दौरान नोबेल समिति ने कहा कि वह वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में मचाडो के अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण बदलाव प्राप्त करने के संघर्ष के लिए उन्हें सम्मानित करती है। मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। जो कि मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करता रहा है। मारिया कोरिना मचाडो साल 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं, लेकिन वेनेजुएला की सरकार ने उम्मीदवारी रद्द कर दी। मारिया का जन्म 7 अक्टूबर 1967 को कराकस, वेनेजुएला में हुआ। उन्होंने एन्ड्रेस बेल्लो कैथोलिक यूनिवर्सिटी से औद्योगिक इंजीनियरिंग में डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने इंस्टीट्यूटो डी एस्टुडिओस सुपीरियरेस डी एडमिनिस्ट्रेशन से वित्त (फाइनेंस) में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 2010 से 2015 तक संसद सदस्य के रूप में कार्य किया और सभी उम्मीदवारों में सबसे अधिक मतों से निर्वाचित हुईं।

### मैं यह पुरस्कार ....

वेनेजुएला के पीड़ित लोगों और हमारे उद्देश्य के प्रति उनके निर्णायक समर्थन के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को समर्पित करती हूं!

### पीएम मोदी का सोनीपत...

एवं शिलान्यास की जाने वाली संभावित परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की समय-सारिणी, रूट प्लान, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीति को अंतिम रूप देने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बुनियादी ढाँचे, आयोजन स्थल की तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हो जाएँ। सभी संबंधित विभाग पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

### हरियाणा देश के ...

आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा न केवल हरियाणा के लिए गर्व का अवसर है, बल्कि यह राज्य के विकास गाथा के लिए भी अहम पड़ाव सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में आधारभूत ढांचे का तीव्र विकास हुआ है, जिससे निवेश, रोजगार और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के विकास के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, विशेष सचिव कार्मिक, प्रशिक्षण विभाग डॉ आदित्य दहिया और मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अफगानिस्तान की धरती...

तख्तापलट के बाद सत्ता पर काबिज हुई तालिबान की सरकार के किसी वरिष्ठ मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा पिछले महीने के अंत में उन पर इस संबंध में लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के बाद संभव हुई है। जिसके तहत मुताकी 9 से 16 अक्टूबर तक स्वदेश यात्रा पर रहेंगे।

**काबुल में खुलेगा भारत का दूतावास** : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बैठक में कहा कि भारत अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक बार फिर से अपना दूतावास खोलेगा। जिसके लिए वहां मौजूद देश के तकनीकी मिशन को उन्नत कर दूतावास का दर्जा प्रदान किया जाएगा। इससे अफगानिस्तान में भारत की विकास गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। दोनों देशों के बीच निकट सहयोग अफगानिस्तान के राष्ट्रीय विकास, क्षेत्रीय स्थिरता और लचीलेपन में भी योगदान देगा। बताते चलें कि वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में काबिज होने के बाद भारत ने काबुल में मौजूद अपने दूतावास को बंद करते हुए वहां तैनात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वदेश वापस बुला लिया था। लेकिन इसके ठीक अगले साल जून-2022 में भारत ने काबुल में अपनी कूटनीतिक उपस्थिति को स्थापित करते हुए तकनीकी टीम की वहां पर नियुक्ति की थी। ज्ञात हो कि अभी तक भारत ने तालिबान और उसकी सरकार को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान नहीं की है। लेकिन दूतावास की शुरुआत से औपचारिक रूप से दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा।

**हवाई मार्ग से होगी माल दुलाई** : बैठक में अफगानिस्तान के आर्थिक सुधार और विकास की नितांत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत विकास सहयोग परियोजनाओं को लेकर अपनी गतिविधियां बढ़ाएगा। जिसमें स्वास्थ्य, सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और क्षमता विकास मुख्य हैं। दोनों विदेश मंत्रियों ने भारत-अफगानिस्तान के बीच एक नए हवाई माल गलियारे (एयर फ्रेट कॉरिडोर) की शुरुआत का भी स्वागत किया। जो दोनों देशों के बीच सीधे व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा। ये नया गलियारा कनेक्टिविटी और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने में मददगार साबित होगा। गलियारे के लिए काबुल और नई दिल्ली के बीच अतिरिक्ति उड़ानें शुरू की जाएंगी। कई परियोजनाओं का नवीनीकरण किया जाएगा। भविष्य में पूरी हो चुकी परियोजनाओं की मरम्मत और देखभाल के साथ दोनों देशों की टीम अफगानिस्तान की विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा कर सकती हैं।

**अफगानिस्तान के खनन क्षेत्र से जुड़ेगा भारत** : अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने बैठक में भारतीय कंपनियों को अपने देश के खनन क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। ये द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में मदद करेगा। डॉ.जयशंकर ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि मामले में भविष्य में चर्चा की जाएगी। साथ ही हेरात में भारत-अफगान मैत्री बांध (सलमा बांध) के निर्माण और मरम्मत में भारत द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। पानी के सतत प्रबंधन के महत्व को स्वीकार करते हुए दोनों पक्ष हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजनाओं में सहयोग को लेकर एकमत हैं। जिससे अफगानिस्तान की ऊर्जा और कृषि विकास से जुड़ी जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।

**भारतीय विवि में पढ़ेंगे अफगानी छात्र** : डॉ. जयशंकर ने कहा, हमारे शिक्षा-क्षमता विकास कार्यक्रमों से अफगानी युवाओं को लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। अब हम भारतीय विश्वविद्यालयों में अफगानिस्तान के छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के अवसरों में इजाफा करने में लगे हुए हैं। खेल से भी दोनों देश लंबे वक्त से जुड़े रहे हैं। अफगान क्रिकेट टीम का उभार आकर्षक है। भारत को इसे लेकर अपना सहयोग गहरा करने पर खुशी होगी। भारत ने इसी साल अप्रैल से अफगानी लोगों के लिए वीजा की नई प्रक्रिया की शुरुआत की है। जिसकी वजह से हम बड़े पैमाने पर वीजा जारी कर रहे हैं, जिसमें मेडिकल, बिजनेस और छात्र वीजा जैसी श्रेणियों में वीजा दिया जा रहा है। ई-आईसीसीआर छात्रवृत्ति योजना के तहत अफगानी छात्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### अफगानिस्तान की स्वतंत्रता...

दाइश आतंकी समूह (आईएसआईएस) को क्षेत्र के लिए मुख्य चुनौती बताया। जबकि दूसरी ओर जयशंकर ने अफगानिस्तान के नांगरहार और कुनार प्रांत में हालिया आए भीषण भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान को लेकर गहरी संवेदनाएं प्रकट की। अफगानी विदेश मंत्री ने भारत द्वारा इस प्राकृतिक आपदा के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हुए राहत सामग्री भेजने के लिए नई दिल्ली के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिन राज्यों में अगले...

एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा।

### भाजपा ने जयराम रमेश...

इनकार किया है और इस दावे को 'निराधार और फ़र्ज़ी' बताया है। पात्रा ने आगे कहा कि रूस ने यह दावा किया है कि रूस और पाकिस्तान के बीच ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है, यह निराधार और फ़र्ज़ी है और रूस और पाकिस्तान के बीच ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है... जी-20 या देश में होने वाले किसी भी बड़े शिखर सम्मेलन से पहले, कांग्रेस ऐसी हरकतें जरूर करती है। वह ऐसे काम करती है जिससे भारत की छवि धूमिल होती है। पात्रा ने सीधे तौर पर रमेश को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जयराम रमेश से कहना चाहूँगा कि आप कोई छोटे नेता नहीं हैं; आप कांग्रेस के संचार प्रमुख हैं। आपने राहुल गांधी से मंजूरी मिलने के बाद ही यह ट्वीट किया होगा। राहुल गांधी विदेश जाते हैं, वापस आकर ऐसे ट्वीट पोस्ट करवाते हैं और पूरा इकोसिस्टम सक्रिय हो जाता है... आप सूचना युद्ध में पाकिस्तान को ऑक्सीजन देते हैं।

**रूस ने पाक को इंजन क्यों दिए** : इससे पहले जयराम रमेश ने ट्वीट किया था कि मोदी सरकार को यह बताना चाहिए कि रूस - जो कभी भारत का सबसे विश्वसनीय रणनीतिक सहयोगी था ने नई दिल्ली की अपील को नजरअंदाज करके पाकिस्तान के चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के बेड़े को उन्नत आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति क्यों की है। इस विमान के नवीनतम ब्लॉक III संस्करण में उन्नत इंजन और वही पीएल-15 मिसाइलें होंगी, जिनके बारे में माना जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे देश के खिलाफ इस्तेमाल की गई थीं। भारतीय वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा है कि जेएफ-17 उन पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों में शामिल हो सकता है, जिनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया गया था।

### पीएम मोदी आज ...

इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ होगा, जिसके लिए 24,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा, सिंचाई सुविधाओं में मजबूती, फसल कटाई के बाद भंडारण बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाना और 100 चयनित जिलों में किसानों के लिए कर्ज की उपलब्धता में सुधार करना है।

**815 करोड़ की नई परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला** : इसके अलावा लगभग 815 करोड़ रुपए की नई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी जाएगी। इनमें आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन और वैल्यू एडिशन सुविधाएं, उत्तराखंड में ट्राउट मत्स्य पालन परियोजना, नागालैंड में एकीकृत एक्वा पार्क, पुडुचेरी के कराईकल में स्मार्ट फिशिंग हार्बर और ओडिशा के हीराकुंड में एडवांस्ड एक्वा पार्क शामिल हैं। इस विशेष कृषि कार्यक्रम में सरकार की कई उपलब्धियों का जश्न भी मनाया जाएगा। इनमें 10,000 किसान उत्पादक संगठनों में 50 लाख किसानों की सदस्यता, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत 50,000 किसानों का प्रमाणन और 10,000 से अधिक मल्टीपर्पस और ई-पीएसीएस का संचालन शामिल है। साथ ही, 10,000 से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री प्रमाणित किसानों, मैत्री तकनीशियनों और पीएमकेएसके या सीएससी में परिवर्तित पीएसीएस प्रतिनिधियों को प्रमाणपत्र वितरित करेंगे। पीएम मोदी उन दाल उत्पादक किसानों से भी संवाद करेंगे, जिन्हें कृषि, पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र में मूल्य श्रृंखला को सशक्त बनाने वाली सरकारी योजनाओं से लाभ मिला है।

### विपक्षी रस्साकशी से...

किसी अपराध में 30 दिन से अधिक हिरासत में रहते हैं और अपराध के लिए कम से कम 5 साल की सजा का प्रावधान है, तो उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। विपक्ष ने इन विधेयकों को "असंवैधानिक" करार दिया है। विधेयक पर विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की माँग विपक्ष ने की थी। सरकार ने मान लिया फिर भी विपक्षी दलों में इस विषय पर एकराय नहीं बनने की वजह से भागीदारी पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**इंडिया गठबंधन में मतभेद** : लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने संयुक्त संसदीय समिति बनाने की घोषणा की है, लेकिन इंडिया गठबंधन इस पर बंटा हुआ है। वामपंथी दल और कांग्रेस इसमें शामिल होने के पक्ष में बताए जाते हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियाँ इसका बहिष्कार करने के मूड में हैं। तृणमूल ने साफ कहा कि वह समिति में कोई नाम नहीं भेजेगी और इसे "तमाशा" करार दिया। कांग्रेस, सपा और तृणमूल संसदीय दल को लोकसभा सचिवालय से हाल ही में एक और रिमाइंडर भेजा गया था।

**विशेषज्ञों की राय** : लोकसभा के पूर्व महासचिव पी.डी.टी. आचार्य ने कहा कि बिना विपक्ष के समिति बनाना अभूतपूर्व होगा और उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे। उनका कहना है, "संसदीय समिति में सभी दलों से सदस्यों का नामांकन स्पीकर करते हैं। यदि समिति में सिर्फ सत्तापक्ष के सदस्य होंगे, तो इसे संसदीय समिति नहीं कहा जा सकता।"आचार्य ने यह भी कहा कि स्पीकर सभी दलों की बैठक बुलाकर उन्हें नाम भेजने के लिए राजी करने की कोशिश कर सकते हैं ताकि "अभूतपूर्व स्थिति" टाली जा सके।

**पहले बनी समितियों का उदाहरण** : इससे पहले, दिसंबर 2024 में "वन नेशन, वन इलेक्शन" पर एक संयुक्त समिति बनाई गई थी, जिसने संविधान संशोधन (129वां संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानूनों में बदलाव की समीक्षा की थी। अगस्त 2024 में भी एक संयुक्त समिति गठित की गई थी जिसने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर विचार किया। ऐसी सभी संसदीय समितियों में विपक्ष की भागीदारी रही। विशेषज्ञोंका मानना है कि विपक्ष को ऐसी समितियों में शामिल रखना सरकार की जिम्मेदारी है और लोकतंत्र के अनुकूल भी।

### भारत और बारबाडोस ...

भारत और बारबाडोस की लोकतांत्रिक परंपराएं, संसदीय प्रणालियां और साझा मूल्य दोनों देशों को और भी अधिक निकट लाते हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक धरोहर को "भारत-बारबाडोस मैत्री का जीवंत उदाहरण" बताया। दोनों पक्ष शिक्षा, संस्कृति, अक्षय ऊर्जा और संसदीय सहयोग के क्षेत्र में नए अवसरों की खोज पर सहमत हुए। बारबाडोस की अपनी यात्रा के दौरान, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रवासी भारतीयों से बातचीत की।

बाग में धुंआ उठते देख ग्रामीणों ने बुलाई पुलिस

## लकड़ियों को हटाया तो निकली अधजली लाश

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

यूपी के शाहजहांपुर में एक युवक की निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद उसका चोरी-छिपे शव एक बाग में जला दिया गया। युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोपहर के करीब ग्रामीणों की नजर जब बाग में उठ रहे धुएं पर पड़ी तो तुरंत पुलिस बुला ली। पुलिस ने जल रही चिता को बुझाकर शव को कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना कांट क्षेत्र का है। शुक्रवार की दोपहर ग्रामीणों की नजर एक बाग पर पड़ी। बाग से धुंआ उठ रहा था। पास जाकर देखा तो एक चिता जल रही थी। आधा शव बाहर नजर आ रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जल रही लकड़ियों को हटाया। शव आधे से ज्यादा जल चुका था और नीचे का हिस्सा पूरी तरह से भस्म हो गया था। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी स्वयं फोरेंसिक विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और गहनता से जाँच-पड़ताल शुरू की।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/12 (नियमित पद)**

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) | 03 | एमएमजीएस-II | 30 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/14 (नियमित पद)**

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक महाप्रबंधक - (उत्पाद एवं अनुसंधान-विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 01 | एसएमजीएस-V | 45 |
| 2 | प्रबंधक - (उत्पाद एवं अनुसंधान- विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 02 | एमएमजीएस-III | 36 |
| 3 | प्रबंधक - (अनुसंधान विश्लेषक) | 04 | एमएमजीएस-III | 36 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.10.2025 से 28.10.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 08.10.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)



पिस्सू अपने शरीर की लंबाई से 350 गुना तक छलांग लगा सकते हैं।



मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।

# पोस्ट अधिकारी बनकर भी चमका सकते हैं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### ये चाहिए जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जॉब के लिए योग्यता

**जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:**

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## ये प्रोसेस अपनाएं

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

## विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता

# बीबीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट और सरकारी जगत में सुनहरे अवसर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम



बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को प्रबंधन विज्ञान, व्यवसाय रणनीति और नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप और बिजनेस लॉ जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यधिक महत्व है,मार्केटिंग किसी भी कंपनी की ब्रांड छवि और बिक्री बढ़ाने का प्रमुख स्तंभ है, फाइनेंस और अकाउंटिंग संस्थान की आर्थिक रीढ़ हैं, एचआर प्रबंधन संगठन की कार्यकुशलता और टीम भावना को मजबूत करता है, जबकि बिजनेस लॉ और स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट संस्थान को कानूनी, नैतिक और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार बीबीए न केवल छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, बल्कि उन्हें समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी प्रायोगिक कौशलों से भी सुसज्जित करता है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बीबीए को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बीबीए ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं।

## विशेषज्ञता चुनी जा सकती

बीबीए/ऑनर्स में विषय-गहनता के साथ विशेषज्ञता चुनी जा सकती है। निम्नलिखित प्रमुख विशेषज्ञताएं इस प्रकार हैं।
विपणन (मार्केटिंग) वित्त लेखा
मानव संसाधन प्रबंधन । परिचालन/संचालन
व्यवसाय विश्लेषिकी (बिज़नेस एनालिटिक्स)
अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्यमिता, आपूर्ति श्रृंखला व लॉजिस्टिक्स, खुदरा प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा
डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन व आतिथ्य प्रबंधन
इन विशेषज्ञताओं का प्रत्यक्ष उपयोग बिक्री-वृद्धि, लाभप्रदता, लागत-नियंत्रण, प्रतिभा-प्रबंधन, डेटा-व्याख्या, वैश्विक विस्तार और ग्राहक-अनुभव को बेहतर बनाने में होता है।

## इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कार्यान्वयन-योग्य कौशल ही करियर को तीव्र गति देते हैं,यही आज के उद्योग मानक हैं। निम्नलिखित आवश्यक कौशल इस प्रकार हैं। प्रभावशाली लिखित/मौखिक संचार व प्रस्तुतीकरण, उन्नत स्प्रेडशीट/एमआईएस, मूल वित्तीय विश्लेषण, बजट/पूर्वानुमान, सीआरएम/ईआरपी जैसे व्यावसायिक उपकरणों की समझ, डेटा-आधारित सोच, व्यवसाय विश्लेषण की बुनियाद, बिक्री-वार्ता, ग्राहक-सम्बंध प्रबंधन, सेवा-उत्कृष्टता, परियोजना-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, टीमवर्क व नेतृत्व, इंटर्नशिप/ लाइव-प्रोजेक्ट/ उद्योग-प्रमाणन, (गूगल/ मेटा/ टैली/ एक्सेल आदि)

## उच्च अध्ययन के विकल्प

**उच्च शिक्षा नेतृत्व-स्तरीय प्रगति, वैश्विक मानकों की विशेषज्ञता और करियर-गतिशीलता को गति देती है,बीबीए के बाद सही कार्यक्रम चुनना करियर-वृद्धि का गुणक सिद्ध होता है।**

निम्नलिखित प्रमुख उच्च अध्ययन विकल्प इस प्रकार हैं। एम.बी.ए. (विपणन/वित्त/मानव, संसाधन/ संचालन/ व्यवसाय, विश्लेषिकी/ अंतरराष्ट्रीय व्यापार/उद्यमिता) पी.जी.डी.एम. (उद्योग-उन्मुख प्रबंधन), एम.कॉम. (लेखा/वित्त में गहनता), विधि स्नातक (एल.एल.बी.) – कॉर्पोरेट/ व्यापार कानून, व्यवसाय विश्लेषिकी/डेटा विज्ञान में पी.जी. कार्यक्रम, मानव संसाधन प्रबंधन (एम.एच.आर.एम.), अंतरराष्ट्रीय व्यापार (एम.आई.बी.), हॉस्पिटैलिटी/ टूरिज़्म प्रबंधन सीए/ सीएस/ सीएमए जैसी व्यावसायिक योग्यताएं (पात्रता के अनुसार), लोक नीति/ विकास प्रबंधन/ सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर।

## ले सकते हैं सलाह

- बीबीए कॉर्पोरेट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और उद्यमशीलता की स्वर्ण-डोरी है,सही विशेषज्ञता, ठोस कौशल और अनुशासित निष्पादन के साथ आप उच्च-विकास निजी भूमिकाएँ, स्थिर एवं सम्मानजनक सरकारी सेवाएं और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा,तीनों मार्गों पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।
- **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.career-jaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में विकल्प

**कॉर्पोरेट जगत उच्च-प्रभाव, परिणाम-उन्मुख और ग्राहक-केंद्रित पेशेवरों की तलाश में है,बीबीए स्नातक ठीक इसी मांग को पूरा करते हैं। वे ब्रांड-वृद्धि, राजस्व-त्वरण, लागत-दक्षता और संचालन-उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।**
निम्नलिखित "विशेषज्ञता-आधारित" भूमिकाएं इस प्रकार हैं।
1) विपणन/ डिजिटल/ खुदरा विपणन कार्यकारी, ब्रांड/ कैम्पेन सहायक, डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षु एसईओ/ सोशल मीडिया समन्वयक, सीआरएम कार्यकारी, माल-विक्रय योजनाकर्ता।
2) वित्त/ लेखा/ बैंकिंग-बीमा वित्तीय विश्लेषक प्रशिक्षु, लेखा सहायक, जीएसटी/कर सहायक ऋण-प्रसंस्करण/क्रेडिट समन्वयक, जोखिम-विश्लेषण सहायक, बीमा-अंडरराइटिंग सहायक
3) मानव संसाधन (एचआर) एचआर सहायक, भर्ती समन्वयक, पेरोल/कम्प्लायंस सपोर्ट प्रशिक्षण व विकास समन्वयक, कर्मचारी-संबंध कार्यकारी
4) संचालन/आपूर्ति श्रृंखला/ लॉजिस्टिक्स संचालन सहायक, गुणवत्ता आश्वासन सहायक, क्रय/ प्रोक्योरमेंट सहायक सप्लाई-चेन समन्वयक, इन्वेंट्री/ वितरण योजनाकर्ता
5) व्यवसाय विश्लेषिकी/ एमआईएस एमआईएस कार्यकारी, व्यवसाय विश्लेषण सहायक, रिपोर्टिंग/ डैशबोर्ड समन्वयक
विशेषज्ञता से स्वतंत्र "सामान्य" विकल्प (किसी भी बीबीए स्नातक हेतु) इस प्रकार हैं, ग्राहक सेवा कार्यकारी, इनसाइड-सेल्स/ एसडीआर, प्रशासनिक सहायक ई–कॉमर्स संचालन सहायक, प्रोजेक्ट समन्वयक कंटेंट/ कम्युनिकेशन समन्वयक, उद्यमिता/ स्टार्टअप समन्वयक।

**आय-सीमा (निजी क्षेत्र)**

- **फ्रेशर:** लगभग 3.0–5.5 लाख वार्षिक (स्थान/ क्षेत्र/ कंपनी पर निर्भर)
- अनुभवी (5–10 वर्ष): लगभग 8–22 लाख वार्षिक; उच्च-विकास भूमिकाओं/एमएनसी/एमबीए पश्चात 25–30 लाख+ सम्भव

## सरकारी क्षेत्र में विकल्प

सरकारी सेवाएं स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा और दीर्घकालिक सुरक्षा का समन्वय हैं। बीबीए पृष्ठभूमि के छात्र प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और संचालन-समझ के कारण अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सशक्त दावेदारी रखते हैं।
**निम्नलिखित प्रमुख** परीक्षाएं/ विकल्प इस प्रकार हैं,
**1) बैंकिंग व बीमा :** एसबीआई/ आईबीपीएस पीओ व क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट एलआईसी/अन्य सरकारी बीमा उपक्रम,असिस्टेंट/प्रशासनिक अधिकारी
**2) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) :** सीजीएल के अन्तर्गत: सहायक लेखा अधिकारी, आयकर सहायक, निरीक्षक/लेखीरीक्षण सहायक सीएचएसएल/अन्य स्नातक पद: डाक/कार्यालय सहायक, डेटा प्रविष्टि इत्यादि
**3) संघ व राज्य लोक सेवा आयोग :** सिविल सेवाएं (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि), राज्य प्रशासनिक/वाणिज्यिक कर सेवाएं
**4) रेलवे/ पीएसयू/ अन्य बोर्ड:** रेलवे एनटीपीसी/कार्यालय सुपरिंटेंडेंट, सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक/वाणिज्यिक पद एफसीआई, ईएसआईसी, ईपीएफओ जैसे संगठनों में उपयुक्त स्नातक पद
**5) रक्षा सेवाए :** सीडीएस/ एएफसीएटी के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षण,नेतृत्व व राष्ट्र-सेवा का गौरवपूर्ण मार्ग लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर टेरीटोरियल आर्मी अफसर
**आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):**
**फ्रेशर:** लगभग 3.5–7.5 लाख वार्षिक (आम तौर पर पे-लेवल 5–7)
**अनुभवी/वरिष्ठ:** लगभग 9–20 लाख वार्षिक; उच्च सेवाओं/उच्च ग्रेड-पे में इससे अधिक, साथ में भत्ते/सुविधाएं

# स्क्रीन टाइम कम करें, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को समृद्ध बनाएं



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, लेकिन स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्क्रीन की चमक में खोकर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन के अनमोल पलों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खासकर छात्रों के लिए, जो अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं, स्क्रीन टाइम को सीमित करना और समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताना न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन को भी समृद्ध करता है। यह लेख हिंदी में छात्रों को प्रेरित करता है कि वे स्क्रीन की लत से बाहर निकलें और अपने मानसिक स्वास्थ्य व आत्म-विकास पर ध्यान दें। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल हमारी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

## तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता

सोशल मीडिया पर तुलना, साइबरबुलिंग, और लगातार ऑनलाइन बने रहने का दबाव छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता है। इसके साथ ही, स्क्रीन की नीली रोशनी नींद को प्रभावित करती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता कम होती है। लेकिन अगर आप इस समय को नियंत्रित करें, तो आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**स्क्रीन टाइम से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याए**

**तनाव और चिंता:** परीक्षा का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया पर दूसरों से तुलना छात्रों में चिंता को बढ़ाती है। स्क्रीन टाइम इस तनाव को और गहरा करता है।
**अवसाद:** लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से अकेलापन और आत्मसम्मान में कमी आती है, जो अवसाद का कारण बन सकता है।
**एकाग्रता में कमी:** लगातार नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग के कारण पढ़ाई में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।
**नींद की कमी:** देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।
**साइबरबुलिंग:** ऑनलाइन ट्रोलिंग और नकारात्मक कमेंट्स आत्मविश्वास को कम करते हैं और भावनात्मक तनाव को बढ़ाते हैं।

**स्क्रीन टाइम कम करने के फायदे**

स्क्रीन टाइम को सीमित करके आप अपने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को कई तरह से बेहतर बना सकते हैं।
**बेहतर एकाग्रता:** स्क्रीन से दूरी बनाकर आप पढ़ाई और अन्य कार्यों में अधिक ध्यान दे पाएंगे।
**मानसिक शांति:** योग और ध्यान तनाव को कम करते हैं और दिमाग को शांत रखते हैं।
**स्वस्थ जीवनशैली:** स्क्रीन टाइम की जगह योग, व्यायाम, और प्रकृति के साथ समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।
**नए कौशल का विकास:** खाली समय में आप कोई नया कौशल जैसे कोडिंग, लेखन, या कोई वाद्य यंत्र सीख सकते हैं।
**मजबूत रिश्ते:** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से भावनात्मक समर्थन मिलता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## जीवन को बेहतर बनाने के उपाय

**समय सीमा तय करें:** रोजाना स्क्रीन टाइम को 1-2 घंटे तक सीमित करें। फोन पर टाइमर या ऐपलिमिटर का उपयोग करें।
**स्क्रीन-फ्री ज़ोन:** पढ़ाई का स्थान और बेडरूम को स्क्रीन-फ्री रखें। सोने से पहले फोन का उपयोग बंद करें।
**योग और ध्यान अपनाएं :** सुबह 10-15 मिनट सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, या मेडिटेशन करें। यह तनाव कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।
**नए कौशल सीखें:** अपने समय को रचनात्मक कार्यों में लगाएं, जैसे कोई भाषा सीखना, पेंटिंग, या डिजिटलस्किल्स। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी है।
**परिवार के साथ समय:** परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें, या कोई खेल खेलें। यह अकेलेपन को कम करता है और रिश्तों को मजबूत करता है।
**प्रकृति के करीब जाएं:** पार्क में टहलें, पेड़-पौधों के बीच समय बिताएँ। यह मानसिक तनाव को कम करता है।
**परामर्श लें:** अगर तनाव या अवसाद लगे, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें।
**छोटे कदम, बड़े बदलाव :** स्क्रीन टाइम कम करना शुरू में मुश्किल लग सकता है, लेकिन छोटे कदमों से आप इसे आसानी से हासिल कर सकते हैं। हर दिन एक घंटा कम स्क्रीन टाइम का मतलब है हर हफ्ते 7 घंटे आपके पास योग, पढ़ाई, परिवार, या नए कौशल के लिए। यह समय आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और आपके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करेगा। छात्र जीवन आपके भविष्य का आधार है। स्क्रीन की चमक में खोने के बजाय, अपने समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताएँ। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करेगा, बल्कि आपको एक संतुलित, सुखी, और सफल जीवन की ओर ले जाएगा। आज से ही शुरुआत करें अपने फोन को एक तरफ रखें, गहरी सांस लें, और अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। आपका दिमाग और आपका समय आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं, इनका सही उपयोग करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुब्योरोयान

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## बैठक में रैली आयोजन स्थल, सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर किया मंथन

# हाईलेवल मीटिंग में की तैयारियों की समीक्षा, 17 को आएंगे पीएम हरियाणा को देंगे करोड़ों की विकास परियोजनाओं की सौगातें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 को को सोनीपत दौरे पर आएंगे। अपने इस दौरे के दौरान वे प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के विकास को नई गति और दिशा प्रदान करेगा तथा विकसित भारत – विकसित हरियाणा के संकल्प को और सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री के आगामी कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को चंडीगढ़ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित तरीके से की जाएं।

*बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी, वहीं रैली की व्यवस्था में कोई कमी ना रहे इसकी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।*




### प्रबंधन रणनीति को अंतिम रूप दिया

उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की समय-सारिणी, रूट प्लान, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीति को अंतिम रूप देने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बुनियादी ढांचे, आयोजन स्थल की तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हो जाएं। सभी संबंधित विभाग पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## सोनीपत में अधिकारियों ने लिया जायजा



**सोनीपत।** 17 अक्टूबर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में पहुंचकर अधिकारियों की बैठक की और सभी व्यवस्थाओं की गहनता से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार भी मौजूद रहे। उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिस भी अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी जाए उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करें। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मुंबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख उद्योगपतियों और एसोसिएशन के साथ की वन-टू-वन मीटिंग

# प्रगति के क्षेत्र में महाराष्ट्र और मप्र जोड़ीदार मजबूत होंगे उद्योग व व्यापार क्षेत्र के संबंध

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के उद्यमियों से मध्यप्रदेश में निवेश का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रगति के क्षेत्र में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश जोड़ीदार राज्य हैं। अतीत के गौरवशाली पृष्ठ को देखें तो महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश का गहरा संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज और प्रदेश के सिंधिया, होल्कर, पवार इतिहास के उस दौर में भारतीय समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। उज्जैन में बाबा महाकाल की ध्वजा जिस शान से लहराती है, उसके अतीत में शिवाजी महाराज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में संबंध अधिक सशक्त होंगे। डॉ. यादव मुम्बई में 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' को संबोधित कर रहे थे।

*'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' में बताई एमपी की खूबियां*




### सृजित होंगे सात हजार से अधिक रोजगार

कार्यक्रम में 20 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों और एसोसिएशन, संस्थानों के साथ वन-टू-वन मीटिंग की गई। चर्चाओं में, टैक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, नवकरणीय उर्जा एवं फार्मास्युटिकल्स एवं कॉस्मेटिक्स जैसे प्रतिष्ठित समूहों ने विशेष रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस सत्र के माध्यम से रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में 19,900 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश एवं अन्य सभी सेक्टर्स में 54,400 करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 74,300 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे लगभग 7000 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है।

### सभी पैमानों पर खरा उतर रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व है कि मध्यप्रदेश सभी पैमानों पर खरा उतर रहा है। लक्ष्य है कि मप्र में निवेश का हर निर्णय व क्रियान्वयन इतनी तेजी से हो कि यह देश के लिए एक नया बेंचमार्क बने। हमारी निवेशक-हितैषी नीतियां व्यापार के लिए ग्रोथ की लाइफलाइन बनें।

### मध्य प्रदेश सरकार ने किया सुझावों पर गंभीरता से काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज के इस इंटरेक्टिव सत्र का मुख्य उद्देश्य था नर्मदापुरम जिले के मोहासा-बाबई में स्थित, भारत के पहले अत्याधुनिक 'मैन्युफैक्चरिंग जोन फॉर पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट' के बहुप्रतीक्षित फेज 2 में निवेश आकर्षित करना। इस जोन में भूमि आवंटन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2025, है, जिससे निवेशकों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए एक स्पष्ट दिशा मिली। यह हमारी दूसरी मुंबई यात्रा है।

### मप्र की विकास आकांक्षाओं का साक्षी बन रहा मुंबई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुंबई, सपनों का शहर है जो अपनी ऊर्जा और उद्यमशीलता के लिए जाना जाता है। आज मध्यप्रदेश की विकास आकांक्षाओं का साक्षी बन रहा है। यह संवाद केवल व्यापार का नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच एक नई, अटूट औद्योगिक साझेदारी की शुरुआत है। हमें मुंबई के निवेशकों से जो उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, वह हमारी उम्मीदों से बढ़कर है। कई प्रमुख औद्योगिक घरानों ने मध्यप्रदेश में निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई, जो हमारी नीतियों पर उनके विश्वास का प्रमाण है। आज का निवेशक केवल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'कॉस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' ही नहीं देखता, वह 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस' भी चाहता है।*


7 से 15 अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'विकास सप्ताह' उत्सव मना रही सरकार

# गुजरात ने बढ़ाई 'मेक इन इंडिया' की रफ्तार 15 साल में मैन्युफैक्चरिंग 22 गुना बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीनगर

नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेकर प्रशासनिक जनसेवा की ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की थी, जो इस साल 24 वर्ष पूरे कर चुकी है। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार 7 से 15 अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'विकास सप्ताह' उत्सव मना रही है, जिसके तहत 10 अक्टूबर को 'उद्योग साहसिक दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जो गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष और नवाचार की भावना को समर्पित है। पिछले 24 वर्षों में पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में गुजरात देश के औद्योगिक विकास इंजन के रूप में उभरा है। विशेष रूप से 2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में शुरू हुई विभिन्न पहलों ने गुजरात को भारत का प्रमुख ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बना दिया है।

### 24 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात औद्योगिक विकास इंजन के रूप में उभरा



भारत सरकार के वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) के अनुसार, गुजरात में मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर का उत्पादन वर्ष 2008-09 में लगभग 3,200 करोड़ रुपए था, जो 2022-23 में बढ़कर 71,425 करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, यह लगभग 22 गुना वृद्धि दर्शाता है।

### ऑटोमोबाइल निर्यात में स्थिति और सुदृढ़

कोविड के बाद गुजरात के ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय वापसी करते हुए सिर्फ दो वर्षों में उत्पादन दोगुने से भी अधिक कर लिया। मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर श्रेणी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2020-21 के कोविड प्रभावित दौर में जहां उत्पादन 34,107 करोड़ था, वहीं 2022-23 में यह रिकॉर्ड स्तर 71,425 करोड़ पर पहुंच गया, जो 109% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और विश्वस्तरीय बंदरगाह अवसंरचना के बल पर गुजरात ने वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्यात में अपनी स्थिति और सुदृढ़ की है।

## श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा ज्ञान-संस्कार और भक्ति का अद्भुत संगम

# भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा में शामिल सभी संतों, तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिंदू परिषद का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज उज्जैन एक अद्भुत क्षण का साक्षी बन रहा है। यात्रा में सम्मिलित सभी सहभागी उस मार्ग पर चलकर आए हैं, जिस पर हमारे आराध्य श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मथुरा से उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपनी के आश्रम पधारे थे। संतगण को उस पावन मार्ग से गुजरने का अवसर मिला, जहां श्रीकृष्ण की चरणरज पड़ी थी।



### गुरूकुल भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनी आश्रम गुरू-शिष्य परम्परा की अनादि महिमा का साक्षात प्रतीक है। जहां हर कण में श्रीकृष्ण की विनम्रता, बलराम की शक्ति और सुदामा की भक्ति समाई हुई है। हमारे गुरूकुल आदि काल से भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग हैं। सांदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा पाई और संसार को गीता का उपदेश देकर योगीराज बने।

## ससुराल के सदस्यों पर केस दर्ज, पुलिस कर रही जांच

# पत्नी को शराब पीने से रोका तो जमकर कर दी पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

गौरेला थाना क्षेत्र में एक पति को अपनी पत्नी को शराब पिलाने से रोकना भारी पड़ गया। विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ससुराल वालों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला जिले के गौरेला थाना क्षेत्र के घाटापारा इलाके का है, जहां पर रहने वाले किसान इंद्रजीत आर्मो ने अपने ससुराल पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। इंद्रजीत ने गौरेला पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया है कि घटना 9 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे की है। जब वह अपने घर पहुंचा तो उनकी पत्नी सविता बाई आर्मो को उनकी सास बिरस बाई और ससुर भंवर सिंह शराब पिला रहे थे, जिसके बाद इंद्रजीत ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मेरी पत्नी को शराब मत पिलाओ। इस बात से




नाराज होकर सास और ससुर अपनी बेटी को लेकर अपने घर चले गए। कुछ देर बाद ससुर भंवर सिंह अपने साथ नारायण, साजन और निहाल को लेकर उसके घर फिर पहुंचा और सभी ने मिलकर इंद्रजीत को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही पीड़ित ने कहा इसके बाद ससुर भंवर सिंह ने डंडे से मेरे पर हमला किया, जबकि अन्य तीन लोगों ने भी उसके साथ मारपीट की। हमले में वह घायल हो गया। घटना के दौरान इंद्रजीत के बेटे दुर्गेश और धरमजीत सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद पीड़ित ने गौरेला थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

### पूर्व विधि मंत्री पीसी शर्मा पार्षद योगेंद्र चौहान और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता दोषमुक्त

**भोपाल।** मप्र के पूर्व विधि मंत्री पीसी शर्मा, पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान उर्फ गुड्डू, पूर्व महापौर विभा पटेल और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक स्थान पर रास्ता जाम कर प्रदर्शन करने के अपराध में राजधानी की एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट के मजिस्ट्रेट तथागत याज्ञनिक ने प्रकरण प्रमाणित न पाए जाने पर दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 18 अप्रैल 2016 को जवाहर भवन रोशनपुरा चौराहे पर हल्ला बोल आंदोलन का आयोजन किया था। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री निवास की ओर जाने लगे। पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें रोकने के दौरान हुई धक्का-मुक्की में पुलिस निरीक्षक सारिका जैन सहित अन्य पुलिसकर्मी और एमआर घायल हो गए थे। थाना जहांगीराबाद ने पीसी शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना के पश्चात विवेचना अधिकारी ने जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

### 9 राष्ट्रीय एवं 14 राज्य स्तरीय टॉपर्स पुरस्कृत

## मंत्री टेटवाल ने कौशल प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में विजेताओं का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 राष्ट्रीय स्तरीय एवं 14 राज्य स्तरीय टॉपर्स को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कौशल प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह 2025 में कौशल उत्कृष्टता, नारी शक्ति और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह उन प्रतिभाशाली प्रशिक्षणार्थियों को समर्पित रहा, जिन्होंने वर्ष 2025 की राष्ट्र स्तरीय आईटीआई परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया। प्रशिक्षणार्थियों के साथ उनके प्रशिक्षण अधिकारी एवं प्राचार्य को भी कौशलम्‌ प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

### 36 छात्राओं की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाईं, छात्र गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के एक छात्र को एआई टूल्स का इस्तेमाल कर 36 छात्राओं की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नवा रायपुर) विवेक शुक्ला ने बताया कि संस्थान के रजिस्ट्रार (प्रभारी) डॉ. श्रीनिवास केजी की शिकायत पर द्वितीय वर्ष का छात्र सैय्यद रहीम अदनान अली (21), निवासी बिलासपुर को हिरासत में लिया गया है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, आरोपी छात्र ने एआई इमेज जनरेशन और एडिटिंग टूल्स का इस्तेमाल कर छात्राओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ करते हुए अश्लील तस्वीरें बनाई थीं।

### आईईडी ब्लास्ट की घटना में मासूम गंभीर घायल

**बीजापुर।** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम पीड़िया से एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक मासूम आदिवासी बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार की दोपहर बालक जैसे ही क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी वह विस्फोट की चपेट में आ गया। यह घटना नक्सल हिंसा की अमानवीयता को दर्शाती है, जिसमें निर्दोष ग्रामीणों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में जिले के अंदुरुनी इलाकों में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोटों की घटना में कई आम नागरिकों को क्षति उठानी पड़ी है। इधर घटना के तुरंत बाद सीआरपीएफ 199 और 85 वाहिनी के सुरक्षा बलों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बालक को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया तथा उसे बेहतर चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD.NO.19 दिनांक 09.10.2025 धारा 194 बी.एन.एस. एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।

**नाश की पहचान**

नाम- नामालुम
पिता का नाम नामालुम
पता- नामालुम।
उम्र-35-40 वर्ष लगभग।
कद-5 फुट 5 ईन्च।
हुलियाः रंग गोरा, सामान्य शरीर, गोल चेहरा आंखे व जीभ फूलकर बाहर निकली हुई।
पहनावा नग्न अवस्था में है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2025 को एक नाम पता नामालुम व्यक्ति की नाश गाव महलाना की नहर में मिली हैं, नाश को शिनाख्त हेतू सिविल अस्पताल सोनीपत में 72 घटें के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करें।
प्रबन्धक थाना मो0 न0-7419410534
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9996678179
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3999/2026/39380/88/7 दि. 10.10.2025



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | सी ग्रुप के लिए 2 वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को सूती ऊन की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 09.10.2025 30.10.2025 | रु.20,24,00,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39392/I/88/7 दि. 10.10.25


### सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बालोद।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की तस्वीरें इतनी विचलित करने वाली हैं कि स्थानीय लोग भी स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। शव की पहचान के लिए परिजनों को बुलाया गया है, उनकी पुष्टि के बाद ही मृतक की शिनाख्त संभव हो सकेगी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके।


## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक- 09/10/2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 110/CE/NH/TC/44-85/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_880708_1 | B.T ROAD REPAIR WORK OF EXISTING ROAD SECTION AMBIKAPUR TO RAJPURIKHURD KM 0.000 TO 7.830 = 7.830 KM OF AMBIKAPUR RAMANUJGANJ GARHWA ROAD N.H.-343. | Rs. 187.00 Lakhs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.10.2025 शाम 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

G-252604073/2



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में लघु सचिवालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक खण्ड का निर्माण (स्ट्रीट लाइट, 400 केवीए डीजी सैट और 11 केवी सब स्टेशन का प्रावधान केवल)। | 08.10.2025 22.10.2025 | 90.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | पशु पालन एवं डेयरी विकास हरियाणा पंचकूला | राज्य पशुधन प्रदर्शनी 2025. | 09.10.2025 24.10.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416530068 dg.ahd@hry.nic.in |
| 3 | बागवानी, सी.ई.वी., घरौंडा, करनाल | क्षतिग्रस्त संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत करने के लिए सामग्री की आपूर्ति। | 13.10.2025 21.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416297995 ddh.cev@gmail.com |
| 4 | नागरिक उड्डयन विभाग, हरियाणा | फ्लाइट प्लानिंग, फ्लाइट डिस्पैच, एफडीटीएल और सम्बन्धित सेवाओं हेतु सेवाओं के प्रावधान के लिए ऑनलाइन माध्यम से ई-निविदा को जमा करवाना। | 08.10.2025 22.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | बाघोत ब्लॉक कनीना - एसएचसी का निर्माण + 2 कार्य। | 09.10.2025 16.10.2025 | 73.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव आंवली में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 08.10.2025 27.10.2025 | 74.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 7 | बागवानी, सीओई, मुनीमपुर, झज्जर | सीओई मुनीमपुर, झज्जर में संरक्षित संचनाओं की मरम्मत करना। | 04.09.2025 23.10.2025 | ईएमडी 45000 | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 8 | स्वास्थ्य विभाग, नारनौल | एनयूएचएम नारनौल के तहत शहरी स्लम के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा के लिए ई-निविदा। | 08.10.2025 27.10.2025 | ईएमडी 24000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015076700 dhs.csmhn@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/39411/I/88/7 दि. 10.10.25

## चिंतन

# नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की निकाली हवा

हिन्दी फिल्म का एक गीत है, दिल के अरमा आंसूओं में बह गए। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सटीक बैठ रहा है। बीते एक साल से शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए उन्होंने न जाने कितने दावे किए। एक के बाद एक सात युद्ध रुकवाने की ताल ठोंकी। बकायदा खुद ही नोबेल मांग भी लिया। ट्रंप ने दावा किया कि सिर्फ सात महीनों में, मैंने सात अंतहीन युद्धों को समाप्त कर दिया है। इसमें कुछ 31 साल से चल रहे थे, एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध समाप्त किए। सभी युद्ध अनगिनत लोगों की जान लेने के साथ भीषण रूप से चल रहे थे। मुझे लगता था कि इनमें से शायद सबसे बड़ा युद्ध रूस-यूक्रेन होगा। वे हर हफ़्ते लगभग 7,000 लोगों को खो रहे हैं, और यह बहुत बुरा लगता है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी शांति करवाने के लिए मध्यस्थता करने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि पाकिस्तान ने उनकी भावना को स्वीकार करते हुए उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान के अलावा इजरायल ने भी डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिल पाया। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 इस बार वेनेज़ुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने कहा कि यह सम्मान उन्हें वेनेज़ुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके अथक संघर्ष और देश को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर ले जाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। मचाडो ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की ज्योति जलाए रखी और निरंकुश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखा। समिति ने उन्हें लैटिन अमेरिका में नागरिक साहस की असाधारण मिसाल बताया है। एक समय पर विभाजित विपक्ष को एकजुट कर उन्होंने वेनेज़ुएला में "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। माचाडो की यह नोबेल ऐसे समय में मिला है जब वेनेज़ुएला में तानाशाही शासन आ चुका है। आज देश मानवीय और आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जहां अधिकांश नागरिक गरीबी में हैं जबकि सत्ता से जुड़े कुछ लोग असीमित लाभ उठा रहे हैं। सरकार की हिंसक मशीनरी अपने ही नागरिकों पर दमन कर रही है और अब तक करीब 80 लाख लोग देश छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। विपक्ष को चुनावी धांधली और फर्जी मुकदमों के जरिए जेलों में ठूंस दिया गया है। इस घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बजाय वेनेज़ुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को शांति पुरस्कार देने के फैसले की तीखी आलोचना की है। साथ ही नोबेल कमेटी पर पुरस्कार देने में राजनीतिकरण किए जाने का आरोप लगाया है। असल में ट्रंप का मिजाज अलग तरह का है। वो हर काम में खुद को अव्वल साबित करने की कोशिशों में लगे रहते हैं। कोई माने या न माने, वो हमेशा खुद ही अपने काम का गुणगान करने लगते हैं। बीते दिनों एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें यूरोपीय देश अल्बानिया के प्रधानमंत्री, आर्मेनिया के पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ट्रंप के दावे का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। कोपेनहेगन में आयोजित यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की जाने वाली भौगोलिक गलतियों को लेकर चुटकी ली थी। अब नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की हवा निकल दी है।

# लोकतंत्र की पैरोकार को नोबेल पुरस्कार



पुरस्कार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेज़ुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी।

पूरी दुनिया में नोबेल शांति पुरस्कार हर वर्ष लोगों की जिज्ञासा का विषय होता है। इस वर्ष भी नोबेल शांति पुरस्कार कम विमर्श के केंद्र में नहीं रहा। खासकर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपनी इस पुरस्कार को पाने की महत्वाकांक्षा बहुत ज्यादा हो गई थी। उन्होंने खुद को इस प्रकार प्रोजेक्ट किया कि उनसे अधिक सुयोग्य कोई है ही नहीं। उन्होंने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से स्वयं का नॉमिनेशन करवाया। पाकिस्तान तो संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप को इस पुरस्कार के लिए सबसे योग्य बताया। लेकिन दुखद यह है कि सात से अधिक देशों ने उन्हें नॉमिनेट किया लेकिन पुरस्कार नहीं मिला। वह अमेरिका के उन चार राष्ट्रपतियों के साथ अपना नाम इतिहास में दर्ज कराना चाहते थे जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिला है। ग्रेता थनबर्ग समेत दुनिया के और बहुत से नॉमिनेशन हुए थे। नोबेल की इच्छा रखने वाले ये सक्रिय लोग भी निराश हुए होंगे जिन्हें यह लगता था कि यह पुरस्कार इस बार उन्हें मिल जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 की घोषणा हुई तो पता चला कि यह पुरस्कार इस वर्ष मारिया कोरिना मचाडो को मिला।

जैसा कि पूरी दुनिया को पता है कि नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेज़ुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी। नोबेल कमेटी ने उनके इस प्रयास को लोकतांत्रिक मूल्यों की वैश्विक रक्षा का प्रतीक बताया। यह पुरस्कार ऐसे समय आया है जब वेनेजुएला में लोकतंत्र को लेकर चिंता बढ़ रही है। मचाडो के संघर्ष ने वहां के नागरिक समाज को नई ऊर्जा दी है। इसी ऐलान के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार जीतने का सपना टूट गया। 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार जूरी ने मारिया कोरिना मचाडो को इसके काबिल समझा। वस्तुतः मचाडो एक ऐसी राजनीतिक विपक्ष की एक प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत रही हैं। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को समझा और अपनी इच्छाशक्ति को भी जो जन-शासन के सिद्धांतों की रक्षा को समर्पित रहे हैं। वेनेजुएला के आपसी मतभेद को उन्होंने ख़त्म किया, खतरे में पड़े लोकतंत्र को बचने हेतु सशक्त आवाज़ बनीं। लोकतंत्र की क्रूर सत्ता को चुनौती देकर उन्होंने तानाशाही को एक तरह से ललकारा। मानवीय और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेनेजुएला को बचने के लिए आगाह किया और आगे बढ़कर बचाया भी। पूरी दुनिया को पता है कि अधिकांश वेनेजुएलाई नागरिक गहरी गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। सत्ता में बैठे कुछ लोग खुद को समृद्ध कर रहे हैं। राज्य की हिंसक मशीनरी देश के अपने ही नागरिकों के खिलाफ खड़ी हो चुकी है। लगभग 80 लाख लोग देश से पलायन कर चुके हैं। विपक्ष को सुनियोजित तरीकों से कुचल दिया गया।



चुनावों में धांधली, कानूनी मुकदमे और जेल की सजा के जरिए जिन्हें जेल में नहीं होना चाहिए, वे जेल में बंद हुए और सजा काट रहे हैं। किसी भी लोकतंत्र के लिए कितना कष्टमय और खतरनाक होता है उस देश के लोकतंत्र की हत्या जब हो जाती है। वेनेजुएला के लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए स्पेस न हो और तानाशाही से लोकतंत्र कुचल दिया गया हो तो ऐसे में न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए संघर्ष को किसी ने नेतृत्व प्रदान किया तो उस नेतृत्व का नाम है मारिया। यह उनकी उस सभ्यता के साथ लड़ाई मानी गई है जो अपने क्रूरतम षड्यंत्र में देश को फंसाकर अपने हितों को साध रही थी। सबसे अहम् बात यह है कि जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा करते हैं, तब यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम उन साहसी स्वतंत्रता सेनानियों को पहचानें जो उठते हैं, और विरोध करते हैं। लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप नहीं रहते, जो गंभीर खतरे के बावजूद आगे बढ़ते हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसकी हमेशा रक्षा करनी होती है चाहे शब्दों से, साहस से और संकल्प के साथ। इस बात का जिक्र नोबेल पुरस्कार की घोषणा करते हुए जूरी ने भी की है कि मरिया मचाडो ने शब्दों से, साहस से व संकल्प से इस तानाशाही से संघर्ष किया और उन अधिकारों की पैरोकार बनीं जिससे वेनेजुएला के नागरिक आहत हो चुके थे या देश छोड़कर जा चुके हैं। अंधकार के बढ़ते माहौल में लोकतंत्र की लौ को जलाए रखने वाली मारिया कोरिना मचाडो का व्यक्तिगत जीवन भी बहुत शानदार रहा है। उन्होंने इंजीनियरिंग और वित्त की पढ़ाई की। 1992 में, मारिया ने अतेनिया फाउंडेशन की स्थापना की, जो कराकास में सड़क पर रहने वाले बच्चों के कल्याण के लिए काम करती है। 2010 में, मरिया विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं और रिकॉर्ड वोटों से जीतीं। लेकिन कुछ वर्षों बाद 2014 में शासन ने उन्हें पद से निष्कासित कर दिया। मारिया कोरिना मचाडो वेंते वेनुजुएला नामक विपक्षी पार्टी का नेतृत्व करती हैं। 2017 में सोय वेनेजुएला गठबंधन की स्थापना में भी मरिया मचाडो का योगदान रहा है, जो देश की लोकतांत्रिक ताकतों को राजनीतिक विभाजन के पार एकजुट करता है।

अभी दो वर्ष पूर्व 2023 में उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। जब शासन ने उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया, तो उन्होंने विपक्ष के वैकल्पिक उम्मीदवार एडमुण्डो गोंजालेज़ उरुतिया का समर्थन किया। विपक्ष ने व्यापक स्तर पर जनसमर्थन जुटाया। व्यवस्थित रूप से यह दस्तावेज़ीकरण किया कि उन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है। लेकिन शासन ने खुद को विजेता घोषित कर लिया और सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली, यह बात उन्हें रास न आई और वह एक मुखर प्रतिरोध की संस्कृति की वाहक बन गयीं। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 जूरी ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र, जिसे इस रूप में समझा जाता है कि हर व्यक्ति को अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है। अपना मत डालने का अधिकार है। एक निर्वाचित सरकार में प्रतिनिधित्व प्राप्त करने का अधिकार है वस्तुतः यही शांति की नींव है, चाहे वह किसी देश के भीतर हो या देशों के बीच हो।

सुश्री मचाडो ने इस प्रकार एक नई परिभाषा लोकतंत्र के बहाने पूरी दुनिया को दी जो वेनेजुएला के साथ पूरी दुनिया के लिए शांति व अमन, विकास व स्थायी गरिमा के लिए मिसाल बन गया है। नोबेल शांति पुरस्कार की जूरी ने सुश्री मारिया को यह पुरस्कार देकर ट्रंप को भी एक सबक दिया है कि पुरस्कार पाने के पैमाने कुछ और हैं, जबरदस्ती नॉमिनेशन कराकर यह सम्मान हासिल नहीं किया जा सकता।

(लेखक अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

–जवाहर सूरीसेट्टी, शिक्षाविद्



# मन के जाल जिनमें हम सब फंसते हैं

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, आइए उन अदृश्य विकृतियों का पता लगाएं जो हमारी वास्तविकता को आकार देती हैं— संज्ञानात्मक विकृतियां (**cognitive distortions**)। ये चालाक विचार पैटर्न हमारे दिमाग के लिए मेले के विकृत दर्पणों की तरह हैं, जो हम खुद को, दूसरों को और अपने आसपास की दुनिया को कैसे देखते हैं, उसे विकृत कर देते हैं। जब आपका दिमाग भविष्यवक्ता बन जाता है: अर्जुन से मिलिए, जिसने अपने दोस्त को वीकेंड की योजनाओं के बारे में मैसेज किया। दो घंटे बीत गए। कोई जवाब नहीं।

**अर्जुन का दिमाग घूमने लगा:** "वह मुझे इग्नोर कर रही है। मैंने जरूर कुछ गलत कह दिया होगा। शायद वह अब मुझसे नफरत करती है।" यह है मन पढ़ना (**mind reading**)—यह मान लेना कि हम जानते हैं कि दूसरे क्या सोचते या महसूस करते हैं बिना किसी वास्तविक सबूत के। भाग्य-भविष्यवाणी (**fortune-telling**), मन पढ़ने का चचेरा भाई। रोहन अभी-अभी ग्रेजुएट हुआ है और उसे यकीन है कि उसे कभी नौकरी नहीं मिलेगी, कि उसकी डिग्री बेकार है, कि उसका भविष्य पत्थर में लिखा है। उसने अभी अप्लाई करना भी शुरू नहीं किया है, लेकिन उसके दिमाग ने पहले ही उसकी कहानी का अंत लिख दिया है।

**नकारात्मकता का पूर्वाग्रह: जब अच्छा काफी अच्छा नहीं है** : अनन्या को उसकी परफॉर्मेंस रिव्यू मिली: नौ शानदार टिप्पणियां और सुधार के लिए एक सुझाव। अनुमान लगाइए उस रात किस बात ने उसे जगाए रखा? यह नकारात्मक फोकस (**negative focus**) शायद संज्ञानात्मक विकृतियों में सबसे थकाऊ है। यह ऐसा है जैसे एक स्पॉटलाइट हो जो केवल छायाओं को रोशन करती है जबकि स्टेज का बाकी हिस्सा अनदेखा रह जाता है। हम सब वहां रहे हैं—सौ तारीफें पाना लेकिन एक आलोचना पर अटके रहना, हर शर्मनाक पल को याद रखना लेकिन जीत को भूल जाना।

**नियंत्रण का भ्रम** : जब उसकी कंपनी ने छंटनी की घोषणा की, तो विक्रम चिंता में डूब गया। उसने अपनी डेस्क को सत्रह बार पुनर्व्यवस्थित किया, अपनी फाइलों को कलर-कोड किया, और अपने दिन के हर मिनट की सावधानीपूर्वक योजना बनाई। अगर वह अपने आसपास की हर चीज को नियंत्रित कर सकता है, तो निश्चित रूप से वह सुरक्षित होगा। यह नियंत्रण भ्रम (**control fallacy**) हमारे दिमाग का एक अनिश्चित दुनिया में निश्चितता बनाने का हताश प्रयास है।

दूसरी तरफ है व्यक्तिगतकरण (**personalization**)—उन चीजों की जिम्मेदारी लेना जो पूरी तरह से हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। जब काव्या की दोस्त परेशान लग रही थी, तो काव्या ने तुरंत मान लिया कि उसने कुछ गलत किया है। जब उसने जो कंपनी पिकनिक आयोजित करने में मदद की थी उस दिन बारिश हुई, तो उसने व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार महसूस किया। वह अपने दिमाग में हर किसी के ब्रह्मांड का केंद्र बन गई थी, उन बोझों को उठाते हुए जो कभी उसके उठाने के लिए नहीं थे।

**जब भावनाएं तथ्य बन जाती हैं** : 'मैं एक असफल की तरह महसूस करता हूं, इसलिए मैं एक असफल हूं।' यह है भावनात्मक तर्क (**emotional reasoning**)—यह मानना कि हमारी भावनाएं वस्तुनिष्ठ वास्तविकता को दर्शाती हैं। मीरा को अपने रिश्ते के बारे में चिंता महसूस हुई, इसलिए उसने निष्कर्ष निकाला कि यह बर्बाद होने वाला है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसका साथी प्रेमपूर्ण और प्रतिबद्ध था; उसकी चिंता ने एक अलग कहानी बताई, और उसके चिंतित दिमाग के लिए, वह भावना पर्याप्त सबूत थी।


न्यायपूर्ण-दुनिया भ्रम और निश्चितता का आराम: गहराई से, हम में से कई न्यायपूर्ण-दुनिया सोच (**just-world thinking**) से चिपके रहते हैं—यह विश्वास कि अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और बुरे लोगों के साथ बुरी चीजें होती हैं। यह आरामदायक है क्योंकि यह सुझाव देता है कि ब्रह्मांड निष्पक्ष है, कि हम केवल गुण के माध्यम से खुद को बचा सकते हैं।

**मुक्त होना:** यहाँ सच है: हम सभी इन संज्ञानात्मक विकृतियों का अनुभव करते हैं। ये कमजोरी या मानसिक बीमारी के संकेत नहीं हैं—ये मानव मन की मानक विशेषताएं हैं जो एक जटिल दुनिया को समझने की कोशिश कर रही हैं। समस्या यह नहीं है कि हमारे पास ये विचार हैं; समस्या तब है जब हम उन पर बिना सवाल किए विश्वास करते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य सकारात्मक सोच या खुद को उज्ज्वल पक्ष देखने के लिए मजबूर करने के बारे में नहीं है। यह स्पष्ट रूप से देखने के बारे में है—यह पहचानना कि हमारे दिमाग कब हमारे साथ चालें खेल रहे हैं और धीरे से, करुणापूर्वक, खुद को वास्तविकता में वापस लाना।

क्योंकि वास्तविकता, अपनी सभी अनिश्चितता और अपूर्णता के साथ, अक्सर उन कहानियों की तुलना में कहीं अधिक दयालु होती है जो हम खुद को बताते हैं।

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित

## दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया। चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डाक विभाग की कमियों को दूर किया जाए

नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य पर 9 अक्टूबर से विश्व डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सरकार और डाक विभाग इससे संबंधित योजनाओं और डाक विभाग के अन्य कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाते हैं। दुनिया में डाक का विस्तार हो, और यह सुगम हो, इसके लिए दुनिया के लगभग 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर 9 अक्टूबर 1874 को करके जनरल पोस्टल यूनियन का गठन किया था। हमारा देश 1 जुलाई 1876 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। हमारा देश गांवों का देश है, यहां आज भी कुछ हद तक डाक प्रणाली की बहुत जरूरत और अहमियत हैं। डाक विभाग ही लोगों के पत्र और दूसरे बहुत से सामान को गंतव्य तक पहुंचाता है। **- मुकेश गुप्ता**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# जापान के कोमेइतो पार्टी ने सत्तारूढ़ पार्टी का साथ छोड़ा



जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत धुर-रूढ़िवादी सांसद साने ताकाइची को अपना नेता चुना था। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य गठबंधन सहयोगी खोजने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साने ताकाइची ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेइतो ने 'गठबंधन छोड़ने के निर्णय की एकतरफा घोषणा की है', जबकि उन्होंने और एलडीपी महासचिव शुनिची सुजुकी ने कहा था कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करेगी और तुरंत जवाब देगी। ताकाइची ने कहा, 'हम 26 वर्षों से एकसाथ थे और यह बेहद निराशाजनक था, लेकिन अंत में हम ऐसे अलग हुए।' सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत खो चुका है। निचले सदन में इस महीने के अंत में नये प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है।

## ऑफ बीट

# पेयजल से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में मिली सफलता



माइक्रोप्लास्टिक हमारी प्लास्टिक की दुनिया के अंश हैं, जो बड़े वस्तुओं के टूटने से या सिंथेटिक कपड़ों और पैकेजिंग जैसे उत्पादों से उत्पन्न होते हैं। अब ये हर जगह मौजूद हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनिया के सतही जल में लगभग 51 खरब कण तैर रहे हैं, और दक्षिण अफ्रीका के नल के पानी में भी इनका निम्न स्तर पाया गया है। यही चिंता का विषय है क्योंकि ये कण रसायन और हानिकारक बैक्टीरिया के वाहक बन सकते हैं, मछलियों और अन्य वन्य जीवों द्वारा खाए जा सकते हैं, और हमारे शरीर में भी पहुंच सकते हैं। हम जल वैज्ञानिक हैं और इस समस्या के समाधान की तलाश में हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन में, हमने एक व्यावहारिक समाधान का परीक्षण किया – दो ''चुंबकीय सफाई पाउडर'' जो पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स पर चिपक सकते हैं। इन गुच्छों को फिर एक चुंबक की मदद से बाहर निकाला जा सकता है। इन पदार्थों को चुंबकीय नैनोकंपोजिट कहा जाता है (इनकी कल्पना विशेष सतहों वाले बहुत महीन पाउडर के तौर पर की जा सकती है)। इसके पीछे का विचार बहुत सरल है। पानी में पाउडर की थोड़ी मात्रा मिलाएं, इसे माइक्रोप्लास्टिक्स को आकर्षित करने और उनसे जुड़ने दें, और फिर पाउडर-प्लास्टिक समूहों को हटाने के लिए एक शक्तिशाली चुंबक का उपयोग करें, जिससे स्वच्छ पानी बचेगा।

## ट्रेंड

### आवंटियों को फ्लैट्स सौंपे



किसी भी परिवार का एक सपना होता है कि उनका अपना घर हो। इस सपने को साकार करते हुए जनपद गोरखपुर में आज आवासीय परियोजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी वितरित की।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### पारदर्शी तरीके से नौकरी



असम ने आज एक बार फिर यह साबित किया है कि बिना किसी धांधली या विवाद के भी पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। हमने चुनाव में 1 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब हम लगभग 2 लाख नौकरियां दे रहे हैं।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### झूठ बोलती है सरकार



दो महीने से पेंशन नहीं मिली! हम अगर एचआरटीसी के कर्मचारियों की हक़ की बात करें तो सरकार झूठ बोलने पर उतारू हो जाती है। पेंशन समय से जारी करने की बात करें तो मंत्री इस्तीफे की चुनौती देकर सनसनी फैलाते हैं और सुर्खियां बटोरते हैं।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल**

### शिक्षा व्यवस्था दयनीय



दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षा जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी हमारे झारखंड के युवाओं को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाती है।
**- बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए-महागठबंधन में मशक्कत बढ़ी, प्रत्याशियों की घोषणा की चुनौती 'बड़ी'

### चिराग ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर दिया खुलकर बयान

## सभी चीजों पर विस्तार से बात कर रहे ताकि दिक्कत न हो प्रधानमंत्री के रहते हमें सम्मान पर सोचने की जरूरत नहीं

*बिहार विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर एक सकारात्मक खबर सामने आई है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने पहली बार खुलकर कहा है कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत बहुत सकारात्मक रही है।*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर एक सकारात्मक खबर सामने आई है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने पहली बार खुलकर कहा है कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने सीटों के अलावा गठबंधन की हर छोटी-बड़ी बात पर विस्तार से चर्चा जारी रहने की बात कही है। चिराग ने कहा कि बहुत ही सकारात्मक बात हुई है। बात हो रही है। इंतजार बहुत जल्द खत्म होगा। हमलोग सीट के अलावा सभी चीजों पर विस्तार से बात कर रहे हैं, जिससे गठबंधन में कोई दिक्कत कभी न आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए जोड़ा कि जहां हमारे पीएम हैं, वहां मुझे अपने सम्मान के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा है।

केंद्रीय मंत्री राय ने साफ शब्दों में यह बात बताई

#### बातचीत इसलिए कि कोई संशय न रहे



बिहार चुनाव को लेकर भाजपा के साथ सीट बंटवारे की बातचीत पर चिराग ने कहा कि बातचीत सकारात्मक ढंग से चल रही है और अब अपने अंतिम चरण में है। जिस घोषणा का इंतजार आपलोग कर रहे हैं, वह भी जल्द होने वाली है। हम लोग हर एक चीजों पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। ताकि बाद में गठबंधन के अंदर किसी भी चीजों को लेकर कोई संशय नहीं हो।

### सीट शेयरिंग में देरी को लेकर कांग्रेस ने राजद को दिया अल्टीमेटम

## इन 13 सीटों पर भी नाम किए फाइनल

बिहार चुनाव के लिए पहले चरण के नामांकन आज से शुरु हो गए है। गठबंधन के अहम सहयोगी दल कांग्रेस की पहली लिस्ट तैयार हो गई है। बताया जा रहा 13 उम्मीदवारों के नाम फाइनल है, बस ऐलान बाकी है। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीटों का बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी।कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने अपने हिस्से की संभावित सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम अपनी मौजूदा सीट कुटुंबा से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान भी अपनी मौजूदा सीट कदवा से फिर से चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं। किशनगंज से इजहारुल हुसैन, मनिहारी से मनोहर प्रसाद सिंह, मुजफ्फरपुर से विजेंद्र चौधरी, करहगर से संतोष मिश्रा, औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह को पार्टी टिकट देगी। ये सभी अभी मौजूदा विधायक हैं। इसके अलावा बेगूसराय से अमिता भूषण, बछवाड़ा से बिहार यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शि वप्रकाश गरीब दास, रीगा से अमित कुमार टुन्ना, रोसड़ा से बीके रवि, वारिसलीगंज से सतीश कुमार और चेनारी से मंगल राम को टिकट मिलेगी।

#### अपने हिस्से की सभी सीटों पर तय किए उम्मीदवार



कांग्रेस ने अपने हिस्से की सभी सीटों पर उम्मीदवार के नाम फाइनल कर दिए हैं। इस बात के संकेत बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने भी दिए है। राजेश का कहना है कि हमने अपने उम्मीदवारों के सभी विधानसभा क्षेत्र तय कर लिए है। 11 अक्टूबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। 12 अक्टूबर को सीटों के समझौते पर सहमति का इंतजार किया जाएगा। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीट बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी।

#### संतोष ने थामा तेजस्वी का हाथ

बिहार की सियासत में एक बड़ा भूचाल आ गया। जदयू को पूर्णिया क्षेत्र में एक तगड़ा झटका देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा सांसद संतोष कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए हैं।

### पहले चरण की सीटों के लिए नोटिफिकेशन जारी

## 17 अक्टूबर तक भरे जाएंगे नामांकन पत्र



भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शुक्रवार से पहले चरण के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोटिफिकेशन राज्यपाल की ओर से जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की है। 18 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी। अभ्यर्थियों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर रखी गई है।

**नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा के निर्देश दिए**

आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के विशेष निर्देश दिए हैं। नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फ 3वाहन और प्रस्तावक समेत अधिकतम 5 व्यक्ति ही जा सकेंगे। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इस संबंध में आयोग ने बताया कि प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए राज्यभर में लगभग 8.50 लाख अधिकारियों की तैनाती की है।

### पहली लिस्ट आते ही जन सुराज में बगावत

## 200 कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा



हाल ही में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। इसके बाद नालंदा जिले में पार्टी के अंदर बगावत शुरू हो गई है। इसका विरोध स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। नालंदा विधानसभा के करीब 200 कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के लिए प्रियदर्शी अशोक कुमार शुरुआती दौर से ही काम कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने छलावा करते हुए टिकट किसी और को दे दिया।

## पीके से मिलीं पवन की पत्नी ज्योति सियासी गलियारों में अटकलें शुरू



पवन सिंह की पत्नी ज्योति को लेकर बड़ी खबर है। ज्योति सिंह जनसुराज पार्टी के प्रमुख और रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मिली हैं। पीके से मिलने के बाद ज्योति ने कहा कि मैं यहां चुनाव लड़ने या टिकट मांगने नहीं आई हूं, मैं यह सुनिश्चित करने आई हूं कि किसी और महिला को मेरे जैसा अन्याय न सहना पड़े।

### खबर संक्षेप

#### एक्टर शेट्टी पहुंचे हाईकोर्ट मांगी कानूनी सुरक्षा

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता सुनील शेट्टी ने हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा



खटखटाया है, क्योंकि सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइट्स पर उनकी तस्वीरों का अनधिकृत इस्तेमाल किया जा रहा है। बिना अनुमति उनकी छवि और फोटोज का इस्तेमाल व्यावसायिक हो रहा है, जिससे नुकसान हो रहा है।

#### बीफ बिरयानी विवाद हाईकोर्ट पहुंचे मेकर्स

**चेन्नई।** मलयालम अभिनेता शेन निगम की अपकमिंग फिल्म 'हाल' पर विवाद शुरू हो गया है। सेंसर



बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 15 बदलाव करने का सुझाव दिया था। इसमें फिल्म के किरदार बीफ बिरयानी खाते हैं। इस मामले में अब निर्माताओं ने केरल हाई कोर्ट का रुख किया है।

#### कलेक्टर के सामने सिंहासन पर बैठे 'सिया-राम'

**दौसा।** ग्राम गादरवाडा ब्राह्मणान में मंदिर माफी की जमीन का रास्ता बंद करने के विरोध में पुजारी और ग्रामीण ठाकुरजी को कलेक्ट्रेट लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों ने ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि गादरवाड़ा ब्राह्मणान से बास-गुढ़लिया सड़क को जोड़ते हुए कच्चा आम रास्ता मालियों की ढाणी के लोगों ने रोक दिया है।

### दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी ने की कार्रवाई

नौकरी के बदले नकद घोटाला मामला

## बंगाल में सुजीत बोस के कार्यालय समेत 10 ठिकानों पर की छापेमारी

*ये छापे कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मारे गए हैं। ईडी की कार्रवाई जिन दो मामलों में की जा रही है, उनमें से एक नगरपालिकाओं में नौकरी के बदले नकद घोटाले से संबंधित है, जबकि दूसरा बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ा है। इसके तार अन्य राज्यों से भी जुड़ते दिखाई दे रहे हैं।*



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस के कार्यालय सहित 10 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापे कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मारे गए हैं। ईडी की कार्रवाई जिन दो मामलों में की जा रही है, उनमें से एक नगरपालिकाओं में नौकरी के बदले नकद घोटाले से संबंधित है, जबकि दूसरा बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ा है। एजेंसी ने उत्तर कोलकाता के साल्ट लेक स्थित मंत्री सुजीत बोस के कार्यालय में भी छापेमारी की, जो नगरपालिकाओं में भर्ती अनियमितता मामले से जुड़ा बताया जा रहा है। दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर, सरत बोस रोड के साथ ही राजधानी के उत्तरी हिस्से नागेरबाजार में भी ईडी की टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। न्यू अलीपुर में कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक प्रख्यात अधिवक्ता के आवास पर भी छापा मारा गया है।

#### कई घोटाले आए सामने, दूसरा घोटाला बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित

पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री पर नकेल

20 ठिकानों पर छापे की खबर आ रही



#### नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई पर भी कसा शिकंजा

ईडी तृणमूल कांग्रेस नेता और बंगाल के मंत्री बोस के कोलकाता स्थित साल्ट लेक कार्यालय और दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता के आवास पर छापेमारी कर रहा है। ये छापेमारी एक कथित नगर निकाय भर्ती घोटाले के सिलसिले में हो रही है। बताया जा रहा है कि सुजीत बोस 2010 से 2021 तक दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। यह कथित तौर पर दूसरी बार है जब ईडी ने इस जांच के सिलसिले में मंत्री के कार्यालय पर छापा मारा है।

#### पहले भी आपत्तिजनक दस्तावेज और मोबाइल किया था जब्त

यह पहला मौका नहीं है जब मंत्री सुजीत बोस के परिसरों पर ईडी ने छापा मारा हो। इससे पहले जनवरी, 2024 में भी ईडी ने उनके घर और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी की थी, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज और उनका मोबाइल फ़ोन जब्त किया गया था।

#### नया आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी

नगरपालिका भर्ती घोटाले से जुड़े इन छापों के बीच सीबीआई) भी इसी मामले में अपनी समानांतर जांच के तहत नया आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। इस मामले में एक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति के पुत्र से पूछताछ की गई है।

#### भर्ती घोटाला प्रदेशभर में फैला

सीबीआई की जांच उसी प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया था। भर्ती घोटाला नगरपालिकाओं में भर्ती तक फैला हुआ है।

#### हैदराबाद और अहमदाबाद में भी की जा रही तलाशी

यह कार्रवाई मुख्य रूप से गणेश ज्वेलरी से जुड़े बैंक धोखाधड़ी के एक मामले के संबंध में की जा रही है। इस मामले की जांच का दायरा केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। ईडी की टीम ने इस घोटाले से जुड़े लिंक की तलाश में हैदराबाद और अहमदाबाद में भी एक-एक जगह पर छापेमारी की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। इन सभी स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी डिजिटल सबूतों और दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं।

#### कार्रवाई में विभिन्न दस्तावेज एकत्र किए जा रहे

ईडी ने बताया कि यह छापेमारी का उद्देश्य भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेज एकत्र करना है। मंत्री का कार्यालय मूल रूप से हमारी सूची में नहीं था। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले जनवरी 2024 में इसी मामले के सिलसिले में बोस के आवास पर छापेमारी की थी और उनसे 12 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

### केंद्रीय मंत्री आठवले ने कहा

## मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले पर हो एससी और एसटी का मुकदमा

*केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ने कहा मामला दर्ज किया जाना चाहिए*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दलित समुदाय से आने वाले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर भरे कोर्ट में जूता फेंके जाने का मामला हो या फिर हरियाणा के दलित आईपीएस अफ़सर के आत्महत्या का मामला, यूपी में अब तक हुए दलित उत्पीड़न पर भी राजनीतिक मुलम्मा चढ़ने वाला है। बिहार चुनाव में विपक्षी गठबंधन दलित और अति पिछड़ा वोट बैंक को साधने की जुगत में भाजपा शासित राज्यों में भाजपा सरकारोंके नाले नीचे दलितों पर कैसे कथित रूप से अत्याचार बढ़े हैं उसकी फ़ेहरिस्त तैयार की जा रही है। ताजा उदाहरण ने विपक्षी तरकश में और तीर दे दिए हैं।

यही वजह है कि मोदी सरकार में शामिल केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने भाजपा को ख़बरदार करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले के ख़िलाफ़ अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में विपक्षी दल इसको मुद्दा बना सकते हैं। आठवले ने कहा गवई दलित समाज से आते हैं और उनकी यात्रा संघर्षों से भरी रही है। बहुत से सवर्ण समाज के लोग इसे स्वीकार नहीं कर पा रहे होंगे। आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना की तीव्र निंदा की है लेकिन केस दायर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने मुख्य न्यायाधीश गवई जी से बात की। सुप्रीम कोर्ट परिसर में हुई यह घटना पूरे भारत को आक्रोशित कर गई। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण हरकतें हमारे समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। मैं न्यायमूर्ति गवैया द्वारा घटना के दौरान दिखाए गए शांत स्वभाव की सराहना करता हूं, इससे यह स्पष्ट होता है कि वे न्याय और संविधान की भावना को मज़बूती से बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ये बात अलग है कि ख़ुद मुख्य न्यायाधीश इस विवाद को बढ़ाना नहीं चाहते। यही वजह रही कि ऐसी हिमाक़त करने के बाद भी आरोपी वकील को बिना क़ानूनी कार्रवाई किए जाने दिया गया। बाद में मुख्य न्यायाधीश ने कहा, घटना से उन्हें और साथी जजों को शॉक लगा लेकिन अब उस घटना को बिसरा कर आगे बढ़ना चाहिए।

### यह ग्रामीण जल शासन में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा

## स्वच्छता विभाग डिजिटल मदद से करेगा ग्रामीण जल आपूर्ति को मजबूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जल शक्ति मंत्रालय के तहत पीने योग्य जल और स्वच्छता विभाग ने ग्रामीण जल आपूर्ति की सेवाओं को मजबूत बनाने और सततता सुनिश्चित करने के लिए सुधारित ग्रामीण पाइप्ड वाटर सप्लाई स्कीम्स मॉड्यूल का प्रदर्शन किया। यह कदम ग्रामीण जल शासन में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक के.के. मीणा, सचिव, स्वच्छता ने की, जबकि इसमें कमल किशोर सोअन, अतिरिक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, और स्वाति मीणा नाइक, संयुक्त सचिव, सहित मंत्रालय और विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों जैसे कर्नाटक, पंजाब, लद्दाख, सिक्किम और लक्षद्वीप के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। 1,000 से अधिक प्रतिभागी पूरे देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से वर्चुअली जुड़ें।

#### मॉड्यूल की खासियतें

सचिव, ग्रामीण पाइप्ड वाटर सप्लाई स्कीम्स, ने अपने संबोधन में बताया कि नया मॉड्यूल जल जीवन मिशन के तहत पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता का मुख्य आधार बनेगा। इस मॉड्यूल के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण जल आपूर्ति योजना को अद्वितीय आईडी दी जाएगी, जो डिजिटल पहचान टैग के रूप में काम करेगा। इससे योजनाओं का ट्रेसबिलिटी, जियो-टैग्ड डेटा, संचालन एवं रखरखाव और डेटा-आधारित शासन सुनिश्चित होगा। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे नवंबर 2025 तक आईडी बनाना प्राथमिकता बनाएं, ताकि डेटा की पूरी पूर्णता और कवरेज सुनिश्चित हो सके।

#### राष्ट्रीय जल जीवन मिशन की प्रतिबद्धता

कमल किशोर सोअन ने ग्रामीण पाइप्ड वाटर सप्लाई स्कीम्स महत्व को दोहराया और कहा कि इससे ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। स्वाति मीणा नाइक ने कहा कि ग्रामीण जल प्रबंधन के लिए एक संगठित डिजिटल संरचना स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है।

#### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि सभी ग्रामीण जल आपूर्ति संसाधन पोर्टल पर सही तरीके से दर्ज हों, ताकि एक विश्वसनीय और सत्यापित राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार हो।

#### डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की दिशा में कदम

सुधारित मॉड्यूल ग्रामीण जल आपूर्ति क्षेत्र के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करेगा। इसमें जीआईएस-आधारित डिजिटल एसेट रजिस्ट्री तैयार होगी, जो जल स्रोत, ट्रीटमेंट प्लांट, पाइपलाइन, वितरण नेटवर्क और घरों के नलों तक सभी घटकों को जोड़ते हुए पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म से स्थानिक रूप से लिंक करेगी।

#### पंचायतों और स्थानीय शासन को सशक्त बनाना

ग्रामीण पाइप्ड वाटर सप्लाई स्कीम्स ढांचे के माध्यम से पंचायतों और ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को रीयल-टाइम डेटा मिलेगा, जिससे वे जल प्रणाली की कार्यक्षमता, जल गुणवत्ता की निगरानी और सिस्टम पर पर सूचित निर्णय ले सकें। स्थानीय संस्थाओं को डिजिटल टूल्स देने से विकेंद्रीकृत शासन मजबूत होगा और ग्रामीण जल अवसंरचना में समुदाय की वास्तविक हिस्सेदारी सुनिश्चित होगी।

#### स्थानीय रोजगार और कौशल विकास

नया प्लेटफॉर्म ग्रामीण वाश' क्षेत्र में डेटा प्रबंधन, एसेट मैपिंग, प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस और एनालिटिक्स जैसे कौशल विकास अवसर प्रदान करेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, सेवा की विश्वसनीयता बढ़ेगी और स्व-संवर्धन प्रणाली तैयार होगी।

### आईपीएस पूरन आत्महत्या मामला

## आईजी की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी केस की जांच

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या



मामले की जांच अब चंडीगढ़ पुलिस करेगी। जांच के लिए एसआईटीका गठन किया गया है। चंडीगढ़ के आईजी पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय टीम जांच करेगी। पूरण की पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने दर्ज एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। महिला एसएसपी कंवरदीप कौर को पत्र लिख एफआईआर को अधूरा बताया है।

#### अभी भी पोस्टमार्टम को तैयार नहीं

आईएएस डी सुरेश और मृतक पूरण के भाई जो विदेश से आए हैं, उन्होंने सेक्टर 9 पुलिस मुख्यालय में चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा से मुलाकात की है। उन्होंने डीजीपी को बताया कि जब तक डीजीपी और एसपी रोहतक गिरफ्तार नहीं हो जाते तब तक वह एडीजीपी पूरण कुमार का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी के बिजलीघरों में तोशिबा की निगरानी प्रणाली



**नई दिल्ली।** तोशिबा एनर्जी सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन की भारतीय इकाई तोशिबा जेएसडब्ल्यू सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के बिजलीघरों में एआई आधारित निगरानी प्रणाली लगाएगी। कंपनी ने कहा कि इस अनुबंध के साथ एनटीपीसी के बिजलीघरों में निगरानी समाधान प्रणाली की पहली बार उपयोग होगा।

### पुंज लॉयड के परिसमापन की समयसीमा छह माह बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी पुंज लॉयड की परिसमापन प्रक्रिया पूरी करने की समयसीमा छह महीने बढ़ाकर 12 मार्च, 2026 कर दी है। समय सीमा बढ़ाई है कि कर्ज में डूबी पुंज लॉयड वर्तमान में कईपरियोजनाओं पर काम कर रही है। इनमें से कुछ देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण और अनिवार्य हैं।

### टाइड भारत में 6,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

**मुंबई।** ब्रिटेन की व्यवसाय प्रबंध कंपनी टाइड 2026 से अगले पांच सालों में भारत में 50 करोड़ पाउंड (लगभग 6,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। वह अगले 12 महीनों में 800 से ज्यादा नई नौकरियां भी देगी। 2026 से अगले पांच वर्षों में 50 करोड़ पाउंड के निवेश के साथ, कंपनी भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

# चांदी में बंपर तेजी से सिल्वर ईटीएफ में टूट पड़े निवेशक, प्रीमियम पर हो रही ट्रेडिंग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। भारी मांग के चलते वैश्विक बाजारों में इसने 9 अक्टूबर को पहली बार 50 डॉलर का आंकड़ा पार किया। वहीं देश के अंदर कीमतें 1.63 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं।

- ईटीएफ अपने नेट एसेट वैल्यू से काफी ऊपर ट्रेड कर रहे

डिमांड में भारी बढ़ोतरी के कारण जो लोग अब तक चांदी से दूर रह रहे थे, वे अब चांदी के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश कर रहे हैं। इसकी वजह है कि सिल्वर ईटीएफ फिलहाल हाई प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। सिल्वर ईटीएफ एक ऐसा फंड है, जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है और चांदी की फिजिकल फॉर्म या चांदी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करता है। ईटीएफ की यूनिट्स को स्टॉक की तरह खरीदा और बेचा जाता है, और इनकी वैल्यू चांदी की कीमत के आधार पर घटती-बढ़ती रहती है।

## चांदी ने 9 अक्टूबर को पहली बार 50 डॉलर का आकंड़.किया पार

### ईटीएफ में 9 से 13 फीसदी तक उछाल

सेमको सिक्यूरिटी में मार्केट पर्सपेक्टिव्स एंड रिसर्च हेड अपूर्व शेठ का कहना है, एनएसई पर एसबीआई सिल्वर, एचडीएफसी सिल्वर और एक्सिस सिल्वर जैसे प्रमुख ईटीएफ 9-13 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। ये अपने नेट एसेट वैल्यू (नाऊ) से काफी ऊपर ट्रेड कर रहे हैं। एक ओर जहां ईटीएफ में तेजी देखी जा रही है, वहीं एमसीएक्स पर चांदी का दिसंबर वायदा भाव 0.6 प्रतिशत गिर गया है। यह इस बात को दर्शाता है कि बुनियादी बातों से नहीं, बल्कि भावनाओं से प्रेरित खुदरा उत्साह इस दौड़ को बढ़ावा दे रहा है।



### ईटीएफ में निवेश का यह बेस्ट टाइम नहीं

शेठ ने निवेशकों को धैर्य रखने की सलाह दी है। उनके मुताबिक, प्रीमियम पर कारोबार कर रहे ईटीएफ में निवेश करने का यह बेस्ट टाइम नहीं है। कीमतों के कम होने या नाउ के बाजार के साथ तालमेल बिठाने का इंतजार करें। चांदी की लॉन्ग टर्म पोजिशन मजबूत बनी हुई है। कोटक म्यूचुअल फंड ने चांदी पर अपने लॉन्ग टर्म बुलिश आउटलुक की पुष्टि की है।

*तेज उछाल में फिजिकल सप्लाई कम हो जाती है : तेज उछाल के दौरान जब फिजिकल सप्लाई कम हो जाती है और मार्केट मेकर्स को चांदी जुटाने में मुश्किल होती है, तो ईटीएफ प्रीमियम पर ट्रेड करने लगते हैं। यह डिमांड-सप्लाई में अस्थायी असंतुलन दर्शाता है। लॉन्ग टर्म के लिए ईटीएफ प्रीमियम पर ट्रेड करें, ऐसा जरूरी नहीं है।*

### शॉर्ट टर्म हो सकती है यह तेजी

यह फोमो यानि कि फियर ऑफ मिसिंग आउट खरीदारी का एक अच्छा उदाहरण है। शेठ के मुताबिक, निवेशक मौका गंवाना नहीं चाहते हैं, इसलिए वे सिल्वर ईटीएफ में निवेश कर रहे हैं। जबकि हाजिर बाजार संकेत दे रहा है कि तेजी शॉर्ट टर्म की है। लेकिन निवेशक इस बात को दरकिनार करते हुए मौका भुनाने की जुगत में हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने दी जानकारी

# भारत का अपना स्वदेशी एआई मॉडल फरवरी तक हो जाएगा तैयार : सचिव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


भारत का स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा अपना कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल अगले साल फरवरी में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से पहले तैयार हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कृष्णन ने यहां आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई क्षेत्र में देर से प्रवेश करने के बावजूद भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है और 10,000 जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की है।

### भारत आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा

सचिव ने कहा, "भारत अपने आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा है। वर्ष के अंत तक हमें अपना पहला पूरी तरह भारतीय आधारभूत मॉडल मिलने की उम्मीद है। इंडिया एआई समिट होने तक भारत का स्वायत्त मॉडल पेश कर देने की योजना है।"

## देश के भीतर स्थित सर्वरों पर संचालित होगा



*स्वायत्त एआई मॉडल भारत में विकसित ऐसा स्वदेशी एआई तंत्र होगा जो पूरी तरह भारतीय डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर स्थित सर्वरों पर ही संचालित किया जाएगा। सरकार ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी को करने की घोषणा की है।*



*विशिष्ट व छोटे एआई मॉडल पर जोर : कृष्णन ने कहा कि सरकार एआई के संभावित प्रभावों को लेकर सतर्क है और ऐसे मंच विकसित करना चाहती है जो समावेशी हों। सरकार क्षेत्र-विशिष्ट छोटे एआई मॉडल विकसित करने पर भी जोर दे रही है, ताकि प्रौद्योगिकी का लाभ उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है।*

- एआई मॉडल इंडिया इम्पैक्ट समिट से पहले तैयार हो जाएगा
- भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है
- 10,000 जीपीयू के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की

### सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही

सचिव ने कहा कि सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही है और भारतीय कंपनियों के लिए अधिक जीपीयू उपलब्ध कराएगी। स्वदेशी जीपीयू के विकास में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कृष्णन ने कहा कि यह 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के तहत सरकार के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक होगा, जिस पर वर्तमान में चर्चा चल रही है।

### क्वांटम कंप्यूटिंग में सुरक्षा के लिए उठा रहे कदम : सेबी

पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत से बड़ी सुरक्षा चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं और नियामक इसे ध्यान में रखते हुए पहले से ही प्रणाली को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहा है। पांडेय ने यहां आयोजित 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में ऐसी प्रौद्योगिकी क्षमता है जिससे पासवर्ड जैसे बेहद सुरक्षित माने जाने वाले सुरक्षा तंत्र भी खतरे में पड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उद्योग समय रहते 'क्वांटम सुरक्षित' प्रणाली के लिए तैयार हो।

### चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने कहा कि नियामक ने सभी विनियमित हितधारकों की 'क्वांटम के लिए तैयारी' सुनिश्चित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। इस योजना के तहत तीन चरणों- खोज, तैयारी एवं क्रियान्वयन के जरिये अगले दो से चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। पांडेय ने कहा, "हम 2028 या 2029 को ध्यान में रखते हुए 'क्वांटम सेफ' कंप्यूटिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि उद्योग क्वांटम-सुरक्षित क्रिप्टोग्राफी की दिशा में कदम बढ़ा सके।"

# संगठित स्वर्ण ऋण बाजार 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि संगठित स्वर्ण ऋण बाजार मार्च 2026 तक 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच सकता है। पिछले अनुमान के मुताबिक इस स्तर पर मार्च 2027 तक पहुंचने की संभावना जतायी गयी थी।

इक्रा ने कहा कि बैंक अपनी अग्रणी स्थिति को काफी मजबूत कर रहे हैं और एनबीएफसी की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। रेटिंग एजेंसी ने सितंबर 2024 में अनुमान जताया था कि संगठित स्वर्ण ऋण बाजार मार्च 2027 तक 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़ों को छू सकता है।

इक्रा का अब अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 तक बाजार का आकार तेजी से बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। पूर्वानुमानों में यह संशोधन मुख्य रूप से सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण हुआ है, जिसने नई ऊंचाइयों को छुआ है।



- इक्रा ने मार्च 2026 तक के लिए व्यक्त किया अनुमान
- बैंक अपनी अग्रणी स्थिति को काफी मजबूत कर रहे हैं

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक बैंक अपनी प्रमुख स्थिति को मजबूत कर रहे हैं और वृद्धि में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से आगे निकल रहे हैं। इसके अनुसार मार्च 2025 तक बैंकों ने समग्र संगठित स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 82 प्रतिशत कर ली है।

### एयूएम 26 फीसदी की दर से बढ़ी

इक्रा के आंकड़ों के अनुसार, बैंकों की स्वर्ण ऋण प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2024-25 के बीच लगभग 26 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो इसी अवधि के दौरान एनबीएफसी द्वारा दर्ज की गई 20 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चांदी 8,500 रुपये उछलकर रिकॉर्ड 1.71 लाख रुपये प्रति किलो पर

**नई दिल्ली। (भाषा)** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 8,500 रुपये उछलकर 1,71,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी 1,63,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन लगातार कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमतें 17,500 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ी है।। इस बीच, सोने की कीमतें अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये गिरकर क्रमशः 1,26,000 रुपये और 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। बृहस्पतिवार को दोनों श्रेणियों सोने की कीमत 1,26,600 रुपये और 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुई थीं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कीमती धातु अनुसंधान के विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि चांदी में तेजी का रुख है। एक तरफ चांदी की भारी मांग है, दूसरी ओर आपूर्ति में कमी है। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 16.61 अमेरिकी डॉलर बढ़कर 3,992.80 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 1.52 प्रतिशत चढ़कर 50.01 डॉलर प्रति औंस रही। बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी पहली बार 51 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई थी। विश्लेषकों ने कहा फेडरल रिजर्व से नरम मौद्रिक नीति का संकेत मिला है। इससे कीमती धातुओं को समर्थन मिला है। उनका मानना है कि जब तक कि वैश्विक जोखिम भावना महत्वपूर्ण रूप से स्थिर न हो जाए, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती, अमेरिका में राजकोषीय अनिश्चितता और लगातार आपूर्ति की कमी निकट अवधि में चांदी की तेजी को बरकरार रख सकता है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती, सेंसेक्स 329 अंक उछला

एजेंसी ▸▸| मुंबई

दवा कंपनियों और बैंकों के शेयरों में लिवाली और विदेशी कोषों के समर्थन से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स लगभग 329 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 104 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 328.72 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 482.01 अंक बढ़कर 82,654.11 के स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि आठ शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 103.55 अंक यानी 0.41 प्रतिशत बढ़कर 25,285.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 148.95 अंक बढ़कर 25,330.75 तक पहुंच गया था। विश्लेषकों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच गाजा शांति योजना पर सहमति बनने से भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई।



### मारुति और एक्सिस बैंक में रही तेजी

एसबीआई एवं अन्य सार्वजनिक बैंकों के शीर्ष प्रबंधन के पद पर निजी क्षेत्र से भी आवेदन आमंत्रित किए जाने के कदम से इसमें तेजी रही। इसके अलावा मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, सन फार्मास्युटिकल्स, पावर ग्रिड, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे चढ़ 88.69 रुपए




**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 88.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपये को समर्थन मिला। मजबूत घरेलू बाजारों और जिंसों की कीमत में आई गिरावट के कारण रुपये में यह तेजी आई। केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर ने तेज बढ़त पर अंकुश लगाया।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Monika Khangwal**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**STATE BANK OF INDIA, PATAUDA**
**Vs.**
**SANJAY**
CNR No. HRJR02-001353-2019
Next Date : 23.10.2025
Execution Petition
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Murti Devi W/o Sunil S/o Sher Singh :-**
**R/o Village Hasanpur in the Taoru in taluka of Mewat District Nuh**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Dr. Monika Khangwal
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 04.10.2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपेश उर्फ टाइगर पुत्रः जितेंद्र पताः मकान नं. टी–34 द्वितीय तल, राजपुरा गुडमंडी, एमसीडी स्कूल के पास दिल्ली ने एफआईआर संख्या 227/2018 धारा 324/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपेश उर्फ टाइगर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपेश उर्फ टाइगर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 227/2018 धारा 324/34 भा.द.स. के तहत थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के उक्त दीपेश उर्फ टाइगर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कोर्ट नं.213 (नार्थ)
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/13696/NW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कमलकांत** पुत्र ईश्वर सिंह, निवासी-83/84 ई-1 ब्लॉक शिव विहार कराला, दिल्ली और ग्राम बड़ौत तह बड़ौत जिला बागपत, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 703/2021 धारा 323/354/354डी/506 भा.द.स और 12 पोक्सो अधिनियम, थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमलकांत** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **कमलकांत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **कमलकांत, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 703/2021 धारा 323/354/354डी/506 भा.द.स और 12 पोक्सो अधिनियम, थाना कंझावला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेश से
**सुश्री नीति सूरी मिश्रा**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
(एफटीएससी) (पोक्सो) उत्तर-पश्चिम
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/13731/RD/2025

## शब्द पहेली - 6015




**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 6014 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | रा | द | री | | ज | य | मा | ला | |
| बि | ल | | श | | का | य | म | | श | ब |
| रा | | म | ह | क | ना | | ज | रा | | र्त |
| द | र | द | रा | | | सा | | ग | रि | मा |
| र | | हो | | व | सु | ध | र | | या | न |
| | कु | श | ल | | दा | | जा | य | ज | |
| मि | ली | | क | रा | मा | त | | म | | अ |
| ला | न | त | | त | | | प | रा | धी | न |
| व | | ल | ता | | अ | च | र | ज | | ब |
| ट | ब | | ली | न | ता | | तं | | मी | न |
| | स | ला | म | त | | मि | त्र | व | त | |




टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दिन 2 विकेट पर बनाए 318 रन

# भारत के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन, जायसवाल 173 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक जड़ा जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश करके टीम में अपनी उपयोगिता साबित की, जिससे भारत ने वेस्टइंडीज के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को दो विकेट पर 318 रन बनाए। शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में पहली बार टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसका जायसवाल ने पूरा फायदा उठाया। पहले टेस्ट में बड़ा स्कोर बनाने से चूकने वाले जायसवाल दूसरे मौके को हाथ से जाने देने के मूड में नहीं थे और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। वह 253 गेंदों पर 22 चौकों की मदद से 173 रन बनाकर खेल रहे हैं।



## तेज 3 हजार रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने

| | |
|---|---|
| सुनील गावस्कर | 69 पारी |
| यशस्वी जायसवाल | 71 पारी |
| सौरव गांगुली | 74 पारी |
| शुभमन गिल | 77 पारी |
| राहुल द्रविड़ | 78 पारी |
| पॉली उमरीगर | 79 पारी |
| विराट कोहली | 80 पारी |

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा बार 150 प्लस रनों की पारी खेलने वाले खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| जो रूट | - 8 बार |
| यशस्वी जायसवाल | - 5 बार |
| केन विलियमसन | - 5 बार |
| मार्नश लाबुशेन | - 5 बार |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल नाटआउट | 173 | 253 | 22 | 0 |
| राहुल स्टं. मलाचा बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन पगबाधा वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाटआउट | 20 | 68 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 00, कुल योग: 90 ओवर में 318/2 रन

**गेंदबाजी**

सील्स 16-1-59-0, फिलिप 13-2-44-0, ग्रीव्स 8-1-26-0, पियरे 20-1-74-0, वारिकन 20-3-60-2, चेज 13-0-55-0

## जायसवाल ने की विलियमसन और लाबुशेन की बराबरी

यशस्वी जायसवाल ने दिल्ली टेस्ट में अपना 7वां शतक लगाया तो वहीं जब उन्होंने अपनी पारी में 150 रनों का आंकड़ा पूरा किया तो उसी के साथ वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 150 या उससे अधिक रन बनाने के मामले में केन विलियमसन और मार्नश लाबुशेन के बराबर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जायसवाल की ये डब्ल्यूटीसी के इतिहास में 5वीं 150 या उससे अधिक रनों की पारी थी। इस मामले में पहले नंबर पर जो रूट काबिज है, जिन्होंने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 8 बार एक पारी में 150 प्लस रनों की पारी खेली है।

### शतक से चूके सुदर्शन, खेली 87 रन की पारी



सुदर्शन हालांकि अपना पहला टेस्ट शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने 165 गेंद का सामना करके 87 रन बनाए जिसमें 12 चौके शामिल हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का यह सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। सुदर्शन और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 193 रन जोड़कर वेस्टइंडीज के कमजोर आक्रमण की कलई खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिन का खेल समाप्त होने के समय जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर खेल रहे थे।

क्लच शतरंज

## घड़ी पर नजर रखना भूले आनंद, गैरी बढ़त की ओर




**सेंट लुई।** भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्पारोव के खिलाफ कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाए, जिससे रूसी दिग्गज ने क्लच शतरंज लीजेंड्स में अपने बहुचर्चित मुकाबले के अंतिम दिन से पहले दो जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त पांच अंक तक पहुंचा दी। कास्पारोव भाग्यशाली रहे जो वह पहली बाजी जीतने में सफल रहे क्योंकि तब आनंद जीत की स्थिति में थे लेकिन वह घड़ी पर नजर रखना भूल गए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्पारोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और 144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले 8.5-3.5 से आगे हो गए। यह मुकाबला 12 बाजियों का है और इसमें अभी चार बाजियां खेली जानी बाकी हैं। आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है क्योंकि अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को तीन अंक मिलेंगे जबकि बाजी ड्रॉ होने पर अंक बंट जाएंगे।

आज से जोहोर कप

## भारत और ब्रिटेन में पहला मुकाबला

**जोहोर बाहरु।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम शनिवार से शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप में दमदार प्रदर्शन करके आगामी जूनियर विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी।



जोहोर कप में भारत का पहला मुकाबला शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से होगा। कोच श्रीजेश का मानना है कि सुल्तान जोहोर कप, 28 नवंबर से चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपने कौशल को परखने के लिए युवा खिलाड़ियों को शानदार मंच प्रदान करेगा। भारत के दिग्गज गोलकीपर ने कहा, 'सुल्तान जोहोर कप हमारे लिए हमेशा से एक विशेष टूर्नामेंट रहा है।

## शंघाई टूर्नामेंट में 31वें स्थान पर अदिति

**शंघाई।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ब्यूक एलपीजीए शंघाई टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। अदिति ने इस टूर्नामेंट के पहले दो दिन अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेला।

महिला वनडे विश्व कप

## गेंदबाज छाए, न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रन से रौंदा



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

ब्रुक हॉलिडे और कप्तान सोफी डिवाइन के जुझारू अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां महिला विश्व कप मैच में बांग्लादेश को 100 रनों से आसानी से हरा दिया। डिवाइन (63) और हॉलिडे (69) ने खराब शुरुआत के बाद चौथे विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को नौ विकेट पर 227 रन के स्कोर तक पहुंचाया इसके बाद गेंदबाजों ने बांग्लादेश की पारी को 39.5 ओवर में 127 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के लिए फाहिमा खातून ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और लिय तहुहु ने तीन-तीन विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत काफी खराब रही। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही जिससे 14वें ओवर तक उसका स्कोर पांच विकेट पर 30 रन हो गया। रुबया हैदर, शर्मीन अख्तर, कप्तान निगार सुल्ताना, शोभना मोस्तारी, सुमैया अख्तर और शोर्ना अख्तर जैसे बल्लेबाज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और टीम ने 33 रन तक छह विकेट गंवा दिये। बांग्लादेश की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी फहिमा खातून (34) और राबिया खान (25) ने की, जिन्होंने आठवें विकेट के लिए 44 रन जोड़े।

### रोजमेरी मेयर ने दो विकेट लिए

बांग्लादेश के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी खातून और नाहिदा अख्तर (17) के बीच सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़े। न्यूज़ीलैंड की ओर से तेज़ गेंदबाज़ जेस केर और लिया तहुहू ने तीन-तीन जबकि रोजमेरी मेयर ने दो विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10.5 ओवर में 38 के स्कोर पर अपने पहले तीन विकेट जॉर्जिया प्लिमर (चार), सूजी बेट्स (29) और अमेलिया केर के रूप में गंवा दिए। प्लिमर नौवें ओवर में लेग स्पिनर राबिया (30 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर सुल्ताना को कैच देकर आउट हुई। एक गेंद बाद बेट्स रन आउट हो गईं। राबिया ने इसके बाद केर को बोल्ड किया।

## वुहान ओपन में लगातार 20वीं बार जीती सबालेंका

एजेंसी ▶▶| वुहान



एरिना सबालेंका ने वुहान में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक बढ़ाते हुए आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000-स्तरीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन चैंपियन ने 2018, 2019 और पिछले साल चीन के इस शहर में वापसी पर वुहान ओपन का खिताब जीता था। शीर्ष रैंकिंग वाली सबालेंका ने एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में तीन बार रयबाकिना की सर्विस तोड़ी और इस सत्र में 11वीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## एशियन टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप शनिवार से भुवनेश्वर में होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

आईटीटीएफ–एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 15 अक्टूबर तक यहां के कलिंगा स्टेडियम के एथलेटिक्स सेंटर में किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 28 वां सत्र है लेकिन पहली बार ओडिशा में आयोजित हो रहा है जबकि 16 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत इसकी मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ , एशियाई टेबल टेनिस संघ (एटीटीयू) और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के साथ ओडिशा टेबल टेनिस संघ और ओडिशा सरकार का खेल विभाग इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। टूर्नामेंट में 22 देशों से लगभग 500 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हिस्सा ले रहे हैं। इसमें भारत, चीन, जापान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे, हांगकांग, सिंगापुर, मकाऊ, बांग्लादेश, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, मलेशिया, मालदीव, मंगोलिया, नेपाल, ओमान, कतर, श्रीलंका, थाईलैंड और उज्बेकिस्तान।



आसमान में गरजेगा स्वदेशी लड़ाकू विमान

# नासिक में 17 अक्टूबर को 'तेजस एमके1ए' की पहली उड़ान का रक्षा मंत्री करेंगे शुभारंभ

*रक्षा मंत्री तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 17 अक्टूबर को नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सुविधा से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए की पहली उड़ान का शुभारंभ करेंगे। इस खास मौके पर वह तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। बता दें कि हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था।

वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया

यह विमान ऐरे रडार, स्वयं रक्षा कवच और कई उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है



फाइल फोटो

## वायुसेना की बढ़ेगी ताकत


तेजस एमके1ए स्वदेशी तकनीक से बना एक अत्याधुनिक लड़ाकू विमान है, जो भारतीय वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा। यह विमान इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच, और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत प्रणालियों से लैस है। यह विमान न केवल तेज और भरोसेमंद है, बल्कि भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

## रक्षा मंत्री ने सिडनी में कुट्टाबुल नेवल बेस का किया दौरा, समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर जोर



**सिडनी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दूसरे दिन सिडनी में एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का एक प्रमुख बेस है। उन्होंने सिडनी हार्बर में एडमिरल हडसन जहाज पर जाकर वहां की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने फ्लीट बेस ईस्ट का जल दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि सिडनी में ऐतिहासिक और रणनीतिक नेवल बेस एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया। एडमिरल हडसन जहाज पर सिडनी हार्बर की शानदार सुविधाओं से परिचित हुआ। भारत-ऑस्ट्रेलिया नौसैनिक सहयोग को गहरा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समन्वित समुद्री क्षेत्र जागरूकता से दोनों देशों को लाभ होगा। एचएमएएस कुट्टाबुल नेवल बेस समुद्री क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत उपस्थिति, सक्रियता और रणनीतिक दृष्टिकोण का अहम हिस्सा है। यह ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए प्रशासनिक, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स और आवास केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह फ्लीट बेस ईस्ट का मुख्य संचालन केंद्र है, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर प्रमुख आधार है।

### 62,370 करोड़ का हुआ ऐतिहासिक करार



*बता दें, हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपए का एक बड़ा करार किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना को 97 तेजस एमके1ए विमान मिलेंगे। इन 97 विमानों में 68 सिंगल-सीटर लड़ाकू विमान और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान शामिल हैं। इस करार में संबंधित उपकरण और सपोर्ट सिस्टम भी शामिल हैं। यह करार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का एक मजबूत कदम है, जो भारत को रक्षा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।*

### पुराने विमानों की जगह लेगा तेजस एमके1ए

*तेजस एमके1ए के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन ताकत में काफी इजाफा होगा। यह विमान पुराने पड़ चुके मिग-21 जैसे विमानों की जगह लेगा और वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा। तेजस एमके1ए की उन्नत तकनीक और स्वदेशी डिजाइन इसे भारतीय वायुसेना के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाती है। 17 अक्टूबर को नासिक में तेजस एमके1ए की पहली उड़ान भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक गर्व का पल होगा।*

## खबर संक्षेप

### जुबिन के 2 निजी सुरक्षा अधिकारी गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में शुक्रवार को उनके दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को गिरफ्तार किया गया। सरकार की ओर से जुबिन की सुरक्षा में तैनात नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य को असम पुलिस ने कई दौर की पूछताछ के बाद मंगलवार को निलंबित कर दिया। नंदेश्वर और परेश के बैंक खातों के माध्यम से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक राशि का लेनदेन किया गया, जिससे संदेह पैदा हुआ। दोनों को गुवाहाटी की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया।

### भारत यात्रा पर अमेरिका द्वारा नामित राजदूत गोर



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका द्वारा हालिया नामित किए गए भारत के नए राजदूत सर्जियो गोर नई दिल्ली की यात्रा पर है। उनके साथ अमेरिकी प्रशासन में उप सचिव (प्रबंधन और संसाधन) भी शामिल हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि गोर की भारत यात्रा 9 से 14 अक्टूबर तक होगी। जिसमें वह भारत सरकार के प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठकों में भाग लेंगे। इस दौरान होने वाली के केंद्र में भारत, अमेरिका संबंध होंगे। भारत के नए राजदूत के रूप में नियुक्ति को बीते दिनों अमेरिकी सीनेट ने मंजूरी दी है।

नई दिल्ली में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में बोले अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी

# अफगानियों के धैर्य-साहस को मत परखो, किस्से तो यूएसएसआर, अमेरिका-नाटो भी सुना देंगे

- अफगानिस्तान की पाकिस्तान को खुली चेतावनी
- सैन्य वर्दी में आना बर्दाश्त नहीं
- बगराम एयरबेस पर कहा, कूटनीतिक मिशन से मिलेगी अफगानिस्तान में एंट्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी अपनी पहली साप्ताहिक आधिकारिक भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली में हैं। जिसमें सबसे पहले उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ बैठक की और उसके बाद मीडिया से मुखातिब हुए। सवाल अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान के हमलों से जुड़ा था। जिसका जवाब मुत्ताकी ने दो टूक लहजे में पाकिस्तान को खुली चेतावनी के साथ देते हुए कहा कि अफगानियों के धैर्य और साहस को परखने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

अगर कोई ऐसा करने की इच्छा रखता है तो उसे पहले सोवियत संघ (यूएसएसआर) अमेरिका और नाटो से पूछना चाहिए। क्योंकि वो ही बता देंगे कि अफगानिस्तान के साथ खेल खेलना कितना खतरनाक होता है यानी ठीक नहीं है। अफगानी विदेश मंत्री की ये प्रतिक्रिया बीते कुछ वक्त से काबुल में मौजूद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कैंपों पर पाकिस्तान सेना के हमलों को लेकर दी गई है। यह समूह दोनों देशों की सीमा पर पाक द्वारा की गई बाड़बंदी और पश्तून आबादी के अधिकारों को नियंत्रित करने के विरोध में है और इसे लेकर वह पाकिस्तानी सेना व सरकार पर हमलावर रहता है। जिसके जवाब में पाक सेना टीटीपी को निशाना बनाती है।

### समाधान का ये तरीका ठीक नहीं

उन्होंने कहा कि मामले पर मैं पाकिस्तान की सरकार को चेतावनी देते हुए कहना चाहता हूं कि किसी समस्या के समाधान का ये तरीका बिलकुल ठीक नहीं है। हम पाकिस्तान की तरफ से किए जा रहे किसी भी सीमा-पार एक्शन का विरोध करते हैं। अफगानिस्तान के दरवाजे बातचीत के लिए हालांकि खुले हुए हैं। उन्हें (पाकिस्तान) अपनी समस्या को अपने आप ही सुलझाना पड़ेगा। हमारे देश में चार दशक के बाद शांति और समृद्धि लौटी है। किसी को हमारे साथ कोई समस्या नहीं है। अफगानिस्तान भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। लेकिन यह एकतरफा नहीं होने चाहिए। अफगानियों के धैर्य-संयम की परीक्षा लेना ठीक नहीं है। पड़ोसी देश को ब्रिटिश, सोवियत और अमेरिका से जुड़े ऐतिहासिक सबक को याद रखना चाहिए।

### शांतिपूर्ण संबंध चाहता अफगानिस्तान

मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान दुनिया के सभी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने का इच्छुक है। जिसे लेकर हमने संतुलित रुख भी अख्तियार किया है। ऐसे में भारत के लिए संबंधों को आगे बढ़ाने का यह एक अच्छा अवसर है। उन्होंने ये भी साफ किया कि शांति केवल एकतरफा कदमों से हासिल नहीं की जा सकती है। क्षेत्रीय सहयोग में अफगानिस्तान के हित भी शामिल हैं।

### विदेशी सेना को स्वीकार नहीं करेंगे

अफगानिस्तान के महत्वपूर्ण बगराम एयरबेस को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फिर से अपने अधिकार क्षेत्र में लेने की घोषणा को लेकर आमिर खान मुत्ताकी ने कहा, अफगानिस्तान के लोग विदेशी सेना को कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई हमारे साथ संबंध रखना चाहता है तो उसे कूटनीतिक मिशन के जरिए ही हमारे पास आना पड़ेगा।

न कि सैन्य वर्दी में उसे स्वीकार किया जाएगा। बतौर इस्लामिक अमीरात के सिद्धांतों के तहत अफगानिस्तान सभी देशों के साथ सकारात्मक संबंध बनाए रखना चाहता है। भारत के लिए भी ये एक अच्छा अवसर है। हमें उम्मीद है कि एक संतुलित नीति बाकी लोगों को भी प्रोत्साहित करेगी।

उन्होंने साफ किया कि अफगानिस्तान किसी भी तरह का कोई सैन्य हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत के विदेश मंत्री के साथ हुई बातचीत में हमने सुरक्षा चिंताओं पर भी विस्तार से बात की है। हमारे पास प्रमाण है कि हमने बीते चार साल में अफगानिस्तान की धरती का किसी अन्य देश के खिलाफ इस्तेमाल करने की कोई अनुमति नहीं दी है, आगे भी ऐसा ही होगा। भारत के साथ हम व्यापार को लेकर एक व्यापार समिति के गठन को लेकर तैयार हैं। जिससे अफगानिस्तान में निवेश, खनन, ऊर्जा जैसी गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सकेगा। अफगानिस्तान ने भारतीय कंपनियों को भी इन क्षेत्रों में काम करने के लिए आमंत्रित किया गया है। हमारी वार्ता में आर्थिक, राजनीतिक, क्षेत्रीय-सुरक्षा के मामले शामिल रहे। भारत के दूतावास की मदद से काबुल में नई दिल्ली की कूटनीतिक पहुंच बढ़ेगी और अफगानिस्तान के कूटनीतिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएंगे।

### प्रेस वार्ता में महिलाओं को नहीं बुलाया

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस ब्रीफिंग में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। जिसे लेकर सोशल मीडिया पर महिलाओं की तरह से काफी नाराजगी देखने को मिली। यह वार्ता 10 अक्तूबर की दोपहर 3.30 बजे राजधानी में अफगानिस्तान के दूतावास परिसर में हुई। जिसमें प्रतिबंधित रूप से केवल 15 से 16 पुरुष पत्रकारों को ही आमंत्रित किया था।



*गाजा में युद्धविराम समझौता लागू*

## मोर्चे पर तैनात इजराइली सैनिक निर्धारित जगहों पर लौट रहे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच बीते दो साल से जारी हिंसक संघर्ष थम गया है। गाजा में ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू हो गया है। इजराइली सेना ने ट्रंप की शांति योजना पर कहा कि दोपहर 12 बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। सैनिक वापस लौट रहे हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि हमास के साथ युद्धविराम समझौता स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से प्रभावी हो गया है। युद्धविराम समझौता लागू करने के फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी दी गई।

**समझौते को इजराइली कैबिनेट ने मंजूरी दी**

### 2000 फिलिस्तीनी कैदी होंगे रिहा

*हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने बताया कि समझौते के तहत इजराइल लगभग 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र से लगी सीमा को खोला जाएगा। गाजा में संकटग्रस्त लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इजराइली सेना को वापस बुलाया जाएगा। इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों को भी रिहा किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी 200 सदस्यीय सैनिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम इजराइल भेजेंगे। अल-हय्या ने कहा कि हम अपने लोगों के खिलाफ युद्ध और आक्रामकता को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं। ट्रंप प्रशासन और मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है।*

### नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया और उन्हें बधाई दी। इस पर इजराइली पीएम ने भी पीएम मोदी का धन्यवाद किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल के प्रति उनके समर्थन के लिए भारतीय पीएम का धन्यवाद किया और दोनों ने घनिष्ठ सहयोग जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।*

दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है...भारत की अफगानिस्तान से बढ़ती दोस्ती का यही फसाना

# अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा के सामरिक और कूटनीतिक महत्व को समझाते हुए बोले विशेषज्ञ

अलग खबर

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी बीते गुरुवार से अपनी पहली भारत यात्रा पर हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी बैठकों का दौर भी चल रहा है। इन सबके बीच बड़े सवाल यही हैं कि मौजूदा दौर में अफगानिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने से भारत को क्या फायदा होगा? क्या इससे पाकिस्तान और उसके द्वारा प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद पर नकेल कसेगी? क्या काबुल और नई दिल्ली के करीब आने से भारत की सेंट्रल एशिया तक व्यापारिक पहुंच आसान हो जाएगी और क्या इससे देश की क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने का भी मुकम्मल इंतजाम हो जाएगा? सभी सवालों का हरिभूमि से बातचीत में विशेषज्ञों ने विस्तार से जवाब दिया है। पेश हैं अंश।

### अफगानिस्तान से दोस्ती फायदे का सौदा

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस अस्थाना ने कहा कि वर्तमान दौर में भारत-अफगानिस्तान की दोस्ती पर यह कहावत बिलकुल सटीक बैठती है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। क्योंकि अभी जो पाकिस्तान कर रहा है वो पूरी तरह से भारत के खिलाफ है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी दुश्मनी चल रही है। लेकिन पाकिस्तान है कि उसने दुनियाभर से मदद हासिल कर ली है। फिर चाहे अमेरिका हो या फिर अरब देश। ऐसे में भारत के लिए ये जरूरी हो जाता है कि वो क्षेत्र में किसी ऐसे देश से हाथ मिलाए। जिससे पाकिस्तान को भी तकलीफ हो। उस लिहाज से अफगानिस्तान से बेहतर और कोई देश नहीं हो सकता है।

### सेंट्रल एशिया तक बढ़ेगी पहुंच

अभी पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति की वजह से भारत सीधे सेंट्रल एशिया तक नहीं पहुंच पा रहा है। यानी वहां तक हम डायरेक्ट रूट से कुछ भी व्यापार नहीं कर पा रहे हैं। अगर हमें उस इलाके लिए व्यापारिक मार्ग बनाना है तो वह ईरान के चाबहार बंदरगाह से अफगानिस्तान की ओर जाएगा। बिना तालिबान की मदद के यह संभव नहीं है। इस सूरत में भी भारत को तालिबान की हर हालत में मदद चाहिए। यह कनेक्टिविटी स्थापित होने पर भारत सीधे सेंट्रल एशिया से जुड़ जाएगा। इसके अलावा भारत की अफगानिस्तान से मित्रता इसलिए भी जरूरी है। क्योंकि उनके देश में जो आईएसकेपी आतंकी संगठन है। उसका एक धड़ा भारत को नुकसान पहुंचा चाहता है, जिसे पाकिस्तान हवा दे रहा है। अगर भारत को इस आतंकी संगठन को साधना है तो अफगानिस्तान की मदद लेनी पड़ेगी। क्योंकि वो ही उसे नियंत्रित कर सकते हैं।

### तालिबान को मान्यता न देने के मायने

मेजर जनरल अस्थाना ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ है और पूर्व में तालिबान का इतिहास इससे जुड़ा रहा है। इसलिए हम उन्हें आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दे सकते हैं। अगर हम ऐसा करते हैं तो यह आतंकवाद को लेकर हमारे रुख के खिलाफ जाने जैसा होगा। अफगानिस्तान की मौजूदा सरकार महिलाओं के अधिकारों के सख्त खिलाफ है, जबकि भारत इसका पुरजोर समर्थक रहा है। ऐसे में हम औपचारिक मान्यता देंगे तो महिला अधिकारों के समर्थन का हमारा पक्ष समूची दुनिया के सामने धुंधला जाएगा। इसके अलावा भारत द्वारा तालिबान को मान्यता न देने के पीछे एक बड़ा तर्क ये भी है कि हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। जबकि अफगान तालिबान के साथ ऐसा कुछ नहीं है। जिसे देखते हुए फिलहाल सरकार का रुख बिलकुल सही है। उसी से क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद व हमारे घरेलू-वैश्विक व्यापारिक हितों को बरकरार रखने के साथ ही उन्हें बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी।

### तालिबान ही असली अफगान शासक

विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा कि भारत को यह समझ में आ गया है कि अफगानिस्तान के असली शासक तालिबान ही हैं। इसलिए हमने उनसे संबंधों में सुधार की कवायद शुरू की है। वहां की सरकार हमारे साथ भी दोस्ती की इच्छुक है। भारत भी क्षेत्र में नए हालातों का सामना कर रहा है। अफगानिस्तान में भी हवा बदली है, पाकिस्तान और क्षेत्र भी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। जिसे देखते हुए भी भारत-अफगानिस्तान की दोस्ती का यह कदम हर लिहाज से उचित कहा जा सकता है।

# भारत-ब्रिटेन वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं में करेंगे सहयोग

एजेंसी ▶▶ मुंबई



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री वर्नन कोकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक भारत में ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) की यात्रा के दौरान आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों ने मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा और भविष्य में रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत विकसित हो रही प्रणालियों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत और ब्रिटेन ने वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग और नए अवसरों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। संजय सेठ ने हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई ताकि मुक्त, खुला और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके, नौवहन की स्वतंत्रता बनी रहे। दोनों देशों ने यह भी दोहराया कि वे एक मजबूत, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभकारी रक्षा साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109